[Shri M. M. Jacob]

(2) The Aurovile (Emergency Provisions) Amendment Bill, 1987, as passed by Lok Sabha.

(3) The Merchant Shipping (Second Amendment) Bill, 1987.

(4) The Constitution (Scheduled Tribes) Order (Amendment) Bill, 1987, as passed by Lok Sabha.

(5) The Dock Workers (Regulation of Employment) Amendment Bill, 1987.

(6) The Cine Workers and Cinema Theatre Workers (Regulation of Employment) Bill, 1987.

(7) The Air (Prevention and Control of Pollution) Amendment Bill, 1987, as passed by Lok Sabha.

(8) The All-India Council for technical Education Bill, 1987.

(9) The Constitution (Fifty-sixth Amendment) Bill, 1987 as passed by Lok Sabha.

(10) The National Housing Bank Bill, 1987, as passed by Lok Sabha.

THE CONSTITUTION AMENDMENT BILL, 1987 TO AMEND ARTICLE 276

DR. BABU KALDATE Maharash tra) Sir, I beg to move for leave to in troduce a Bill further to amend the Con stitution of India.

The question was put and the motion was adopted.

DR. BAPU KALDATE: Sir, I introduce the Bill.

THE DECLARATION AND PUBLIC SCRUTINY OF ASSETS OF CITIZENS BILL, 1987

DR. BAPU KALDATE (Maharashtra); Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill to provide for declaration and public scrutiny of asets by citizens and for matters connected therewith.

The question was put and the motion was adopted.

DR. BAPU KALDATE: Sir, I introduce the Bill.

THE CONSTITUTION AMENDMENT BILL, 1987 [INSERTION OF NEW ARTCLES 23A 23B AND 23C

DR. BAPU KALDATE (Maharashtra), sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Constitution of India.

The question was put and the mation was adopted

DR. BAPU KALDATE; Sir, I introduce the Bill.

THE PAYMENT OF WAGES (AMENDMENT) BILL, 1985—contd.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MOSTAFA BIN QUASEM)-. Now, further consideration of the motion moved by Shri Chaturanan Mishra. Shri Mishra, please; Continue

श्री चतुरानन मिश्र (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय, जैसा मैंने कहा था कि पेमेण्ट आफ वेजेज एक्ट के सेक्सन 9 के कलाज, सब-क्लाज 2 का जो यह प्रोवीजों है, उसके चलते मजदूरों का अगर एक घण्टा भी वह हड़ताल करते हैं तो आठ दिन तक की उनकी मजदूरी काटी जा सकती है, उनको जुर्माना हो सकता है आठ दिन तक का।

[उपसभाध्यक्ष (डा० बापू कालदाते) पीठासीन हुए।]

महोदय, यह प्रोवीजो नेचुरल जस्टिस के भी खिलफ है और डिस्क्रिमिनेटरी भी है। डिस्क्रिमिनेटरी इस अर्थ में कि अगर लॉक-आउट के लिए कोई भी जुर्माना नहीं है तो मजदूर हड़ताल पर जाय तो उसके लिए जुर्माना क्यों? मैं यह भी नहीं मानता कि लॉक-आउट और हड़ताल दोनों बराबर हैं, लेकिन सरकार ऐसा मानती है। मैं तो ऐसा मानता हूं कि हड़ताल करना मजदूरों का,

जो कि बहुत ही शोषित तबका है, उसका फंडामेंटल राइट है और इस पर किसी तरह की कोई पाबंदी नहीं होनी चाहिए। अगर यह सरकार सोचती है कि दोनों बराबर हैं, तब तो जब लॉक-आऊट के लिए कोई प्रोवीजन नहीं है जुर्माने का तो फिर हड़ताल के लिए और वह भी एक घंटे की हड़ताल के लिए आठ दिन की तनख्वाह का जुर्माना सर्वथा अन्याय है और दमनात्मक है।

मैंने उस दिन भी यह कहा था आंकड़ा प्रस्तुत करते हुए कि हमारे देश के अंदर लाक-आऊट से ज्यादा मानव-दिनों की हानि हो रही है क्योंकि जो लाक-आऊट के चलते पिछले साल टोटल मेण्डेज लोस हुआ था वह 13 मिलियन डेज था और हड़ताल के चलते जो हुआ था वह मात्र 9 मिलियन डेज था। इसलिए अगर कोई जुर्माना करना है तो उन पर करना है जो देश के अंदर लाक-आऊट करके इतने बड़े उत्पादन की क्षति करते हैं, न कि मजदूरों पर करना चाहिए। मैंने उस दिन भी यही कहा था।

महोदय, आज मैं ज्यादा न कहकर के इतना ही कहना चाहूंगा कि आज की दुनियां में साइंस एण्ड टेक्नोलोजी में जो क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं, उसके चलते विश्व-बाजार में चीजों की कीमत घटी है, उत्पादन का खर्चा, लागत खर्चा कम हो गया है। लेकिन हमारे देश में इकोनोमी बहुत ही कोस्टली है और हमारी टेक्नीक ज्यादातर आउट आफ डेटेड है। अगर हम विश्व-बाजार में प्रतिबद्धता करना चाहते हैं, सफलता से अगर हम वहां जाना चाहते हैं तो यह जरूरी है कि हम ऊंचे टेक्नीक अपनाएं। लेकिन जिन देशों ने, जिन राष्ट्रों ने ऊंचे टेक्नीक अपनाएं हैं, उनके लिए यह पहला जरूरी काम हुआ है कि उन्होंने मजदूरों के साथ एक साझेदारी का नियम बनाया है। बिना मजदूरों से सहयोग लिए हुए कोई भी ऊंचे तकनीक का काम नहीं कर सकता है। इसलिए हम देखते हैं कि जापान जैसे पूंजीवादी देश में भी मजदूरों के साथ एक साझेदारी का, मैनेजमेंट में उनकी भागीदारी का उन्होंने भी नियम बनाया था, जबकि वह पूंजीवादी राष्ट्र है, पूंजीवादी देश है, लेकिन फिर भी यह उनके लिए अत्यंत आवश्यक हुआ। लेकिन हमारी इकोनोमी जब इतनी कोस्टली है और इस कोस्टली इकोनोमी को लेकर हम इतनी बड़ी तादाद में जो हमारे दरिद्रता की रेखा से नीचे की आमदनी वाले लोग हैं, उनको हम आगे नहीं ला सकते हैं। तो हमारे लिए यह और भी ज्यादा जरूरी है कि हम मजदूरों के साथ सहयोग करें।

मैं सरकार से यही कहूंगा कि अगर मजदूरों के साथ सहयोग करना चाहते हैं, उसका सहयोग लेना चाहते हैं तो जो दमनात्मक आपका यह कानून है, इसको आप हटा लें। उनके अंदर इस भावना की जागृति होनी चाहिए, उनको पूरा सम्मान दिया जाय तभी हम उनसे पूरा सहयोग लेकर आज की संकट की घड़ी में अपने उद्योग का आधुनिकीकरण कर सकते हैं और गरीबी से लड़ सकते हैं। इसलिए हमारा सरकार से आग्रह होगा कि यह जो प्रोवीजो है, जो दुनियां में दमनात्मक के साथ नेचुरल जस्टिस के खिलाफ है, डिस्क्रिमिनेटरी है, मजदूर वर्ग विरोधी है और जो सीधा पूंजीवादियों की दलाली का प्रोवीजो है, जो अंग्रेजों के जमाने से हमारे ऊपर लदा हुआ है। इस प्रोवीजो को हटाने के लिए सरकार राजी हो जाए, यही मैं चाहता हूं। साथ ही मैं आग्रह करूंगा माननीय सदस्यों से कि इसके लिए वे अपना समर्थन दें और सरकार से, अपने नौजवान मंत्री महोदय से भी निवेदन करूंगा कि वे इस समस्या पर गंभीरता से विचार करें और इस दमनात्मक प्रोवीजो को हटा दें। इस तरह की जो लेबर कानून में गलत चीजें हैं, उन्हें समाप्त किया जाय। धन्यवाद।

श्री राम चन्द्र विकल (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि मिश्र जी ने जो यहां अपना विधेयक प्रस्तावित किया है, उसके बारे में मुझे बोलने का आपने अवसर दिया है।

[श्री राम चन्द्र विकल]

उपसभाध्यक्ष महोदय, वह दिन इस देश के लिए सौभाग्यशाली होगा जबकि न हड़ताल हो और न लाक-आउट हो। परन्तु यह दिन आना शायद संभव नहीं है। मैं मिश्र जी की इस बात से सहमत हूं कि यह गलत है कि अगर मजदूर एक दिन की हड़ताल करे तो उसका 8 दिन का वेतन बन्द कर दिया जाये। यह मजदूरों के हक में नहीं है। इस पर चिंतन होना चाहिए। सभापति महोदया, लाक आउट भी कभी अनावश्यक हो जाते हैं बल्कि मैं कहूंगा कि कर दिए जाते हैं। मैं इसे निजी तौर से जानता हूं। अभी तक हमारे यहां लाक आउट के बारे में दण्ड व्यवस्था नहीं है केवल मजदूर के लिए बनी हुई है। इसलिए यह न्यायसंगत नहीं है। मैं इतना ही कहना चाहूंगा कि चाहे लाक-आउट हो या हड़तालें—ये देश के हित में नहीं है। लेकिन जब कभी मजदूर उनके अधिकारों से वंचित किए जाते हैं, तो विवश होकर उन्हें हड़ताल पर जाना पड़ता है। तो उसमें ज्यादा से ज्यादा यह हो सकता है कि जिस दिन वह काम पर न आए उस दिन का वेतन न दो।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : (उत्तर प्रदेश) : वह भी कहां न्यायसंगत है ?

श्री राम चन्द्र विकल : जब उन्हें हड़ताल पर भेजा जा रहा है, तब तो नहीं काटना चाहिए। लेकिन जब वे हड़ताल करते हैं तो यदि एक दिन करते हैं तो एक दिन का वेतन काट लो परन्तु 8 दिन का काटना न्यायसंगत नहीं है। मिश्र जी की इस बात से मैं सहमत हूं। साथ ही लाकआउट कभी-कभी क्यों किए जाते हैं, उन बातों को भी मैं जानता हूं। सभापति महोदय, दिल्ली क्लाथ मिल की सदन में काफी चर्चा हुई और इस सदन की भावनावश वह क्लाथ मिल दिल्ली में ही कुछ दिन के लिए रुक गया। महोदया, मुझे जानकारी है कि चूंकि दिल्ली और आस-पास जमीन की कैल्यू ज्यादा है तो यहां से उसको बन्द करके दूसरी जगह ले जाना चाहते हैं, यह सोचकर कि वहां जमीन सस्ते रेट पर ले लेंगे। लेकिन यह जो जमीन मिल की जाएगी इस पर बहुमंजिली बिल्डिंगों के नक्शे बन गए हैं जो आज बहुत बड़ी संपत्ति बन सकती है। ऐसे लाक आउट में भी कुछ उद्योगपति अपना फायदा सोच लेते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि यदि दिल्ली में वायु प्रदूषण की वजह से उसको बन्द करना है तो गवर्नमेंट को उस पर कब्जा कर लेना चाहिए और वहां अपनी व्यवस्था करनी चाहिए। लेकिन मिल मालिकों के हक में वह कर दिया गया है कि दिल्ली के आसपास कोई दूसरी जमीन ले ली और यहां की जमीन जो बहुत कीमत की हो गयी है, वह उनके लिए फ्री छोड़ दी जाती है और वहां जो गरीब मजदूर लोग हैं उनके मकानों को धाराशायी किया जाएगा। अभी फिर मेरे कान में यह बात आयी कि जो गरीब लोग वहां बसे हुए हैं और मिल की वजह से बसाए गए हैं, उन सब को उजाड़ने के लिए यह योजना चलायी जा रही है। मैं खाली दिल्ली क्लाथ मिल की बात नहीं करता। मैं उत्तर प्रदेश की बहुत-सी मिलों के बारे में जानता हूं जो मजदूरों के साथ बारगेनिंग के लिए आप अपने लाक-आउट कर देते हैं। तो चाहे मिल मालिक ज्यादती करें तो सरकार को उन्हें रोकना चाहिए ताकि कारखानों के अन्दर और खेतों के अन्दर उत्पादन ज्यादा बढ़ सके। चाहे मजदूर करें तो उसमें भी सरकार का सहयोग नहीं होना चाहिए। लेकिन जहां तक हो सरकार को मजदूरों की मदद करनी चाहिए। जैसाकि अभी मिश्र जी जापान का जिक्र कर रहे थे। मैंने भी जापान देखा है। वहां के कर्मचारी जब स्ट्राइक करते हैं तो वे काली पट्टी बांधते हैं लेकिन काम बन्द नहीं करते बल्कि काम उससे ज्यादा करते हैं और वहां की सरकार भी काली पट्टी के प्रदर्शन से ही मान जाती है। वह संकेत मात्र से समझ जाते हैं कि काली पट्टी बंधी है, मजदूरों

में कुछ रोष है और वे उन से बात चीत करके, चाहे गवर्नमेंट हो या फैक्ट्री के मालिक हों मामले को सेटिल कर लेते हैं और उन की भावनाओं का आदर करते हैं। तो दोनों तरफ की भावनाओं का आदर करके ही हमारा देश समृद्धिशाली बन सकता है।

इन शब्दों के साथ मैं मिश्र जी के विधेयक का समर्थन करता हूं और चाहता हूं कि मजदूरों के हक में जो बात हो वह जरूर होनी चाहिए और कम से कम उन के साथ अन्याय तो बिलकुल ही नहीं होना चाहिए।

SHRI SUKOMAL SEN (West Bengal): Mr. Vice-Chairman, Sir, I thank my esteemed colleague, Shri Chaturanan Mishra for introducing this Bill, I am also thankful to Shri Ram Chandra Vikalji from the other side who has extended support to this Bill. It proves that the Bill is very much justified and the Government should consider the provisions of the Bill.

The Payment of Wages Act was passed in 1936, that is, 51 years back. During the British regime, colonial regime, any movement, legal trade union movement, legitimate movement of the workers was considered by the Government as a law and order problem. At that time, there was no democratic attitude towards the workers movement and working class had to fight bitterly for getting their wages. The Payment of Wages Act, 1936 provided that if a worker was absent from his work even for 2 minutes or 5 minutes, his wages for 8 days could be deducted. The hon. Member has said that if he is absent for one hour his wages can he deducted. Why one hour? In this Act hours are not mentioned, it is the most atrocious Act passed by the colonial regime at that time. In Great Britain such an Act did not exist. The British people would have felt very much of such an Act. They did not enact it in their own country hut they enacted it ln our country to suppress the workers movement, to surmress the peoples' movement because they disdained any sort of workers' protest. Therefore they brought Rowlatt Act and they did so many things. Thty hanged Bhagat Singh. They could do it, we understand. But I fail to understand even after 51 years of passing this Act and 40 years of independence, this Government and the hon. young Minister have not changed this rule, I can understand that it has ot been changed and has not has been applied also. But on the contrary, it has been applied very recently against the coalmine workers' strike. They went on a one day strike. This has not happened in the private sector as it happens with the greedy private owners. But Mr Sangma's Government have applied this Act and deducted 8 days wages of the workers for one day's strike. Mr Sangma and his Government have brought this Rowlatt Act hack which was condemned during the British regime. They are again introducing these things to suppress the democratic movement and trade union movement here. So it is a most shameful thing and condemnable attitude on the part of this Government that this Act still exists in our statute book.

Sir, workers have a right to strike. It is agreed in our Constitution and accepted by the Constitution and also accepted in any democratic country. Why do the workers go on strike? Everybody knows that when all avenues are exhausted, when the administration or the Government or the owners take an adament attitude, the workers are left with no choice but to resort to strike. Even the rule is no-work-no-pay and oneday's strike one day's wage cut. But why should the workers lose one day's pay when they go on strike? They go on strike only when they are compelled to and when they are forced to. I cannot understand the rule one-day's-strike eight day's-wage-cut. I understand no-work no pay. But why is it for eight days? It is one of the most punitive Acts, most atrocious Acts enacted hy the British regime the colonial regime to brutally suppress the trade union movement, the workers' movement. But as my friend Shri Chaturanan Mishra, said, the employers have the right to lock-out their factories. They lock out and the Government remains almost silent. They do not have got sufficient law in their hands to force the owners to open the gates of the

[Shri Sukomal Sen]

factories. Lock-out continues; so many factories are under lock-out. It exhibits that this Government is hand-in-glove with the owners, whether in the pubiic sector or in the private sector and they are totally against the workers. That ifi why such a thing exists. When the coal worker wages were cut, several times we protested in the House. The working classes have protested as to why these colonial rules are being inducted for suppressing the workers' movement, for punishing the workers. The Government has remained silent. It is a most painful act, condemnable act, atrocious act and most heinous act. It is the legacy of the colonial rule and I would request the hon. Minister, if he feels that he is a Minister of an independent Government and not of a colonial Government, then he should take the initiative to amend this Act and accept the Bill, introduced by my friend, Shri Chaturanan Mishra, so that at least some democratic norms are maintained by the Government. Otherwise, if the Govern-ment does not do it and if this Bill is rejected or the Government adopts a rigid attitude, then the workers will have th left to them except to resort to continuous straggle to force the Govern ment to amend this Act. With this, Sir, I conclude.

DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY (Andhra Pradesh) Mr. Vice-Chair-man. Sir, our poet from Andhra Pradesh Sri Sri. has in his songs narrated that the history of the world is the history of the ;xploited fight against the exploiter; whether it was slave civilization, fuedalism or •apitalism, this struggle is going on, where he exploited goes on working and the sxploiter comes one fine morning and takes away everything, leaves nothing for he exploited and the worker has to struggle for his existence. It is said that ours is a Socialist Republic. I do not know how our rulers amended the Cons-itution calling it a Social Republic. It is iimply to mislead the Indian public op-nion. The history of our freedom move-nent was the history of the workers' Govement and workers' struggle. Britishers were the major exploiters and that is why the Indian fought aeainst them. Tilak had been organising the workers and everywhere the movement led by Tilak has. suppoited by the working class and when Tilak was sent to Mandale, the workers in Bombay had stopped work and finally, in 1946, the army revolted and the Britishers had to bow down. At Bombay the working class went on in a general strike in support of the navy and the army. Barricades were built and the Britishers had to bow down and the in-famous Mountbaten award was executed as a result of which India was vivisected. The exploiter once more had come on to the seat. This is the sad state of affairs. Today capitalism all over the world is in a crisis and in India also the capitalist class is *in* a crisis. With 60 per cent of the people below the poverty line suffering everywhere on account of drought and floods, these rulers are sitting nonchalantly. I want to remind them that the day of recokoning is not far off. You are thinking of changing the Industrial Disputes Act into Industrial Relations Act. By changing the name, you are not going to build up relations. But you want 'o see that workers do not have the right to strike and if the; go on strike penal acion is taken against them. That is your motive. You know that because of the in-flataion and abnormal rise in prices, workers, employees, will go on strike and you want to curtail their rights. Because of that attitude only you have allowed this particular provision to be in the Act. .There is no other reason for it. Mr. Vice-Chairman, Sir, this particular clause states as follows :

"Provided that subject to any rules made in this behalf by the State Government, if ten or more employed persons acting in concert, absent themselves without due notice (that is to say, without giving the notice which is required under the terms of their contracts of employment) and without reasonable cause, such deduction from any such person may include such amount not exceeding his wages for eight days as may by any such terms be due to the employer in lieu of due notice."

What does this mean? Is this not sup. pression? This is naked suppression of workers. With *some* lame excuse, workers can be victimised. Our friend, Shri Sukomal Sen, was telling us about workers in coalmines. Against the implementation of this particular section, workers in Andhra Pradesh went on strike for twenty days. The Chief Minsiter of Andhra Pradesh went there and declared that it would not be implemented in Andhra Pradesh. Only after that assurance, the strike was withdrawn. With the knowledge of the tenor of the section, the Government wants to retain it against workers to benefit the exploiting classes. The Government is aware that capital is flowing out of the country. Is it taking any action? The Government promises on the floor of this august House that worker participation in industry is one of the main items under the consideration of the Government. But has it been able to execute this particular idea which can build up a concerted effort for national reconstruction? It has failed to do so in the public sector; it dare not enter the corporate sector; it is not at all existent in the private sector. For anything workers are thrown out of their jobs. That is why unemployment is growing. That is why poverty is growing. I request this august House to take note of these things. I also request the Central Government to take lessons from history and act in the spirit of our Constitution. Thank you, Sir.

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, श्री चतुरानन मिश्र ने एक बहुत ही छोटा और निर्दोष संशोधन विधेयक प्रस्तुत किया है। अभी तक इसमें जितने भी माननीय सदस्यों ने भाग लिया है, सब ने इस संशोधन का समर्थन किया है। यह इस बात का सबूत है कि यह संशोधन निर्दोष है और इसको स्वीकार किया जाना चाहिए।

मान्यवर, पेमेंट आफ वेजेज एक्ट 1936 में पारित किया गया था और उस वक्त उसके कारणों में यह दिखलाया गया था to regulate the payment of wages to certain classes of persons employed in industry..

' आर बाद म पसन्स एम्पलायड को सब्स्टीट्यूट कर दिया गया और फिर उसकी जगह एम्पलायड पर्सन हुआ। मतलब यह है कि शुरू-शुरू में जब यह 23 अप्रैल, 1986 में लागू हुआ तो यह केवल उन्हीं मजदूरों पर लागू हुआ जो किसी उद्योग में काम करते थे। लेकिन बाद में इसमें परिवर्तन कर दिया गया और यह कहा गया कि कोई भी मजदूर हो उस पर लागू किया जाना चाहिए। जो इसमें प्राविजो है केवल उसको हटाने के लिये, उसको डीलिट करने के लिये मिश्रा जी का यह संशोधन है। प्रोविजो में दिखाया गया है कि —

"Provided that subject to rules made in this 'behalf by the State Government, if ten or more employed persons actiug in concert absent themselves without duc notice and without reasonable cause, such deduction from any such person may include such amount not exceeding his wages for eight days as may by any such terms be due to the employer in lieu of due notice."

तो मान्यवर, मेरा निवेदन यह है कि यह प्रोविजो पहले जहां पर धारा 9 की उपधारा 1 इसमें इस बात का अधिकार दिया गया है कि जो मजदूर का वेतन है उसमें किन परिस्थितियों में कटौती की जा सकती है या उसकी तनख्वाह में से काटा जा सकता है। लेकिन मान्यवर उसमें दिया हुआ है कि

"may be made clause (b) of sub section (2) of section 7 of the Act.

संदर्भ में बहुत ही महत्वपूर्ण है। सक्शन में इस बात की चर्चा की गई है। उसमें है कि :

Notwithstanding the provisions of sub-section (2) of section 4 of the Indian Railway Act, wages of an employed person shall be paid to him without

[श्री सत्य प्रकाश मालवीय]

deductions of any kind except those authorised by or under this Act. Then it says:

"Deductions from wages of employed persons shall only be made in accordance with the provisions of this Act and may be made on the following ground only, namely, fine and deductions for absence from duty."

तो मान्यवर, मेरा निवेदन यह है कि यह कानून अंग्रेजों के जमाने में बनाया गया था। हमारा संविधान जब बना तो उसमें भी सोशलिस्ट शब्द की चर्चा नहीं की गई। 1949-50 में यह लागू हुआ। लेकिन मान्यवर, जब संविधान के प्रियबंल को संशोधित किया गया तो उसमें सोशलिस्ट शब्द बढ़ाया गया।

"We, the people of India, having solemnly resolved to constitute India into a sovereign socialist secular democratic republic....."

तो मान्यवर, मेरा निवेदन यह है कि अब हमारे संविधान में भी समाजवाद शब्द बढ़ा दिया गया है। उसके प्रियबंल में अब सोशलिस्ट शब्द जोड़ दिया गया है। लेकिन पेमेन्ट एण्ड वेजेज ऐक्ट के अन्तर्गत मजदूर चाहे एक घंटे काम पर बैठे, एक दिन के लिये काम पर बैठे, दो दिन के लिये काम पर बैठे लेकिन हर सूरत में कम से कम आठ दिन के वेतन में कटौती होगी। यह बहुत ही दोषपूर्ण है। बल्कि मैं यह कहना चाहूंगा कि यह मजदूरों के साथ सरासर अन्याय है। हम लोग मजदूरों को प्रतिष्ठा देते हैं। डिगनिटी आफ लेबर की हम बात करते हैं। हमारे देश में जो सरकार है उसके द्वारा भी पहली मई को मई दिवस मनाया जाता है। उस दिन रूस की तरह मई दिवस मनाया जाता है और सारी दुनियां के मजदूरों, और भारत के मजदूरों को प्रतिष्ठा देने का काम किया जाता है और नारा दिया जाता है कि सारी दुनिया के मजदूरों एक हो, भारत के मजदूरों एक हो। मान्यवर, यह जो प्रावधान है यह एक प्रकार से निरकुंश प्रावधान है और यह मजदूरों की प्रतिष्ठा के विरुद्ध है। हमारे कानूनों में, हमारे व्यवहार में समानता होनी चाहिए लेकिन यहां पर असमान व्यवहार हो रहा है। एक दिन अगर कोई मजदूर काम पर न जाये और उसको आठ दिन का वेतन काटा जाय यह बात बहुत दोषपूर्ण है। ...(व्यवधान) ...

तो मान्यवर, मैं यह निवेदन कर रहा था अगर मजदूर काम पर नहीं जाता है, हड़ताल करता है तो आखिर हड़ताल का अधिकार मौलिक अधिकारों में से है। उनको हड़ताल करने का हक है। जिस दिन वह काम पर न आये उस दिन की आप उनकी तनख्वाह काटिये इसका किसी माननीय सदस्य ने विरोध नहीं किया। उन्होंने केवल इस बात पर जोर दिया है जितने दिन मजदूर काम न करे केवल उतने दिन की तनख्वाह आप काटिये। लेकिन वह भी किन परिस्थितियों में हुआ है इसके कारणों में भी आपको जाना पड़ेगा। मजदूर क्यों काम पर जाने से हिचकिचाता है, किन चीजों से बाध्य होकर मजदूर को हड़ताल करनी पड़ती है विस्तार में इसके कारणों में जाने का इस वक्त समय नहीं है।

मेरा मंत्री जी से यह निवेदन है कि यह बहुत निर्दोष विधेयक है इसको सरकार को स्वीकार करना चाहिये। मेरा निवेदन इस सम्बन्ध में यह भी है कि जैसे अभी कल्पनाथ राय जी ने कहा इस देश में वर्किंग जर्नलिस्ट्स के लिए वेज बोर्ड के सम्बध में एक बचावत आयोग बैठाया गया है। मुझे यह याद नहीं है कि यह आयोग किस तारीख को बैठाया गया था लेकिन इतना मुझे जरूर याद है कि बचावत आयोग को जो रिपोर्ट देने के लिए तारीख दी गई थी उसमें चार-पांच बार वृद्धि की जा चुकी है। पिछले दिनों अभी वृद्धि की गई है। मैं इस संशोधन

विधेयक पर विचार व्यक्त करते हुए यह भी सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि जो वर्किंग जर्नलिस्ट्स के लिए बचावत आयोग बैठा रखा है उसका अब और समय न बढ़ाएं । आपने आश्वासन भी दिया था कि उसकी रिपोर्ट आने वाली है लेकिन मुझे ऐसा लगता है कि न कभी बचावत आयोग की रिपोर्ट सरकार के सामने आएगी और न सरकार कोई निर्णय ले सकेगी । इस पर भी जरूर ध्यान दिया जाए । इन शब्दों के साथ मैं इस संशोधन विधेयक का समर्थन करता हूं इस आशा और विश्वास के साथ कि सरकार इस संशोधन विधेयक को स्वीकार करने की कृपा करेगी । धन्यवाद ।

SHRI CHITTA BASU (West Bengal): Sir, I rise to support the amendment Bill moved by Shri Chaturanan Mishra. The Bill is not only an anachronism but it is a blot in the Statute Book of our country. The reasons have already been advanced by those who have spoken earlier than me. Apart from this, I would like to draw the atlention of the Labour Minister to the spirit of the Constitution of our country. As a matter of fact, this piece of legislation was framed at a time when our country was not free and free country's Constitution was not there. But *my* endeavour would be to show that the Bill, that proviso, is counter to the spirit of the Constitution of the country which is now in force.

I draw the attention of the Labour Minister to article 19(c) of the Constitution and also article 14 about equality before law. Now, although the right to strike has not been included in that phrase, in that manner, in the Constitution, th; right to strike is a fundamental right by implication. Article 19(c) says that we have got the fundamental right to form association and union. If the right to form association and union is a fundamental right, if the right to freedom of speech and expression is also another fundamental right, by implication the right to strike is also a fundamental right flowing from article 19(a) and 19(c). My contention is that the proviso is counter to the spirit of the Constitution, namely, the right to strike as a fundamental right, because it is stated in the proviso; that is to say, without giving notice which is required under the terms of their contract of employment, that is, if they go on strike, if more than 10 people go or refuse on a particular day, if they strike. Then the deduction of their wages can be made and it should not exceed 8 days, es. Here the question is not of 8 days. Of course, Malaviya Ji says that and I don't agree with him. If a worker goes on strike, then he can be punished and there may be a wage deduction for the period of the strike.

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA: I have not said that.

SHRI CHITTA BASU; My question is that if I have gone on a legal strike and,if I have struck work after giving notices by due process of law, then deduction of one hour's or one minute's wages will be an illegal punishment. There fore, my point is that the existence of this provision is not only an anachronism, not only a blot on the Statute Book, but it runs counter to the spirit of the Constitution of a free country like India paricularly because of the fact that this piece of legislation was enacted when we had no Constitution of our country as free India. Therefore, I feel that the Government should have had no objection, should not at all refuse, to acept the justifiability of the amendment which has been sought by the Biil and, therefore, they should agree to it.

I shall not take much of your time. I would take this opoprtunity to draw the attention to an important event in our country in West Bengal. Now, the public sector employees and workers in West Bengal are going on an indefinite strike from the 23rd of this month. Today is the 20th of November. The reason is quite well known to the Labour Minister. He entered into an agreement that there would be payment of interim relief both to the employees and the workers and also to the officers. But that agreement is not being implemented by the Government

[Shri Chitta Basu]

of lndia in relation to West Bengal employees and workers. The fact is that the officers have been granted interim relief. Now the agreement is both for the workers, the employees and the officers at the all-India level. What is the reason? I -want to know why that agreement is not being implemented in the case of Government of India's public sector units in West Bengal involving about one lakhi workers. Also, it is paradoxical that the officers of West Bengal public sector units run by the Government of India have been granted and already paid the interim relief. Now, is this the way of seeking cooperation from the workers and employees? Is this the way to have workers' participation in management? Unless there is a willing, voluntary and overall partici-on by the public sector workers in the public sector undertakings, the public sector undertakings will go down the drain. So, there is a conspiracy in out country to denigrate the public sector. They want that the private sector should be praised. They want that the private sector should be praised. They want that the private sector should be further st-rengthenend. They want the denigration of the public sector. There are lobbies which want to denigrate the public sector I think they are more active in not allowing the public sector employees and workers in West Bengal to get the benefit of the agreement. It is not a private employer. The Government of India is the employer in the case. In this case the Central Government is the employer, and the Central Government wants that the workers should co-operate, the workers should see that more and more resources can be mobilised for the public sector industries. And it is also an ob-jective of the 7th Five Year Plan that the resource mobilisation should come in a very large way from the public sector.

SHRl KALPNATH RAI (Uttar Pradesh): How?

SHRI CHITTA BASU: I will never joinissue with you.

उनको समझाने को कोई हिम्मत हमारे पास नहीं है।

Let him understand it himself.

Therefore, Sir, I take this opportunity and seek a clarification from the hon. Labour Minister as to what the reasons are for non-fulfilment, non-implementation of the agreement in West Bengal public sector industries. Today is 20th, 23rd is the date of strike. Even at this last stage, I would request the Labour Minister to intervene and see that the strike is not forced upon them. And the strike which will involve about one lakh employees and workers will cause loss of production and ultimately loss to the economy. Therefore, I would request him to clarify this point and I would appeal to him that he should make an appeal, make an inter-vention and see that the strike does not take place and this problem is emicably settled before actually the strike takes place. Thank you, Sir.

SHRI TRIDIB CHAUDHURI (West Bengal): Sir. I do not want to take much time of the House because this is a short and simple Bill. Already a number of Members who spoke before me made out a very convincing case for the acceptance of the proposal mao'e by our friend and experiened trade union leader, Shri Chaturanan Mishra. Sir, here the proviso that is sought to be deleted by Mr. Mishra's Bill provides—'if the due notice is not given' *i.e.,* "if ten or more employed persons acting in concert absent themselves without due notice (that is to say without giving the notice which is required under the terms of their contracts of employment)". That is one of the conditions. The second condition is—"without reasonable cause". Even if the notice is given, Sir, it is our experience that that notice is never accepted as legal. And, secomdly, it is said, "if ten or more employed persons absent themselves without a reaonable cause." Who is to decide whether the cause is reasonable or not? And in most cases the decision is in the hands of the employers or of the Labour Departments of the State Governments or in some cases the Central Government, and the cause is never found reasonable.

So, Sir, this is a long over-due measure which is now proposed by our friend, Shri Mishra. And nobody who has snoken

ap till now has spoken against this Bill. I appeal to the Government and to the Labour Minister to straightway accept "the Bill and if he is not in a position to immediately accept the Bill I would appeal to him to have a meeting of the Central trad© union leaders called and discuss with them this particular provision, simple provision. There should be no difficulty in his accepting this thing even straightway today. Thank you.

श्री कल्पनाथ राय : आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, जो हमारे मित्र श्री चतुरानन मिश्र जी ने यह मजदूरी संदाय (संशोधन) विधेयक, 1985 प्रस्तुत किया है, मैं इसका पूरा समर्थन करता हूं और साथ ही चाहता हूं कि सरकार सभी विरोधी दलों के साथियों को बुलाकर हमारे श्रम मंत्री इसको एक्सैप्ट कर लें। चाहे इस समय कर लें और चाहे अगले सैशन में कर लें, मगर इस काम को कर देना चाहिए।

मैं आदरणीय श्रम मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं कि जब से वह हमारे मित्र श्रम मंत्री बने हैं तब से इन्होंने मजदूरों के कल्याण के संबंध में ठोस और समबद्ध कदम उठाए हैं और इन्होंने पूरी कोशिश की है मजदूर जगत के कल्याण के लिए ज्यादा से ज्यादा कल्याणकारी काम किए जाएं।

आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, भारत के संविधान में लिखा है :

WE, THE PEOPLE OF INDIA, having solemnly resolved to constitute India into a SOVEREIGN SOCIALIST SECULAR DEMOCRATIC REPUBLIC and to secure to all its citizens;

IUSTICE, social, economic and political;

LIBERTY of thought, expression, belief, faith and worship;

EQUALITY of status and of opportunity; and to promote among them all;

FRATERNITY assuring the dignity of ihe individual and the unity and integrity of the Naton.

IN OUR CONSTITUENT ASSEMBLY this twenty-six day of November, 1949, do HEREBY ADOPT. ENACT AND GTVE TO OURSELVES THIS CONSTITUTION.

हमने इस संविधान के माध्यम से भारत को समाजवादी गणराज्य बनाने का संकल्प किया है और समाजवादी गणराज्य के साथ-साथ हमने जनतांत्रिक प्रणाली को, डेमोक्रेसी को, Government of the people, by the people and for tht people भी स्वीकार किया है। जिन मुल्कों में समाजवादी गणराज्य है, रूस, चीन, चैकोस्लोवाकिया या दुनिया के कम्युनिस्ट देश, उन देशों में जनतंत्र नहीं है और दुनिया के बहुत से देश जहां पर जनतंत्र है वहां समाजवाद नहीं है। द्वितीय महायुद्ध ने दो राक्षसी संतानों को जन्म दिया, "युद्ध और गरीबी"। तीसरी अक्षांश के उत्तर के रहने वाले यूरोप के देश जहां धन धान्य पूर्ण हैं वहां एशिया, अफ्रीका और दुनिया के साम्राज्यवादी और पूंजीवादी देशों के जो शिकार हैं वे गरीबी, भुखमरी और दरिद्रता के दौर से गुजर रहे हैं। अब दुनिया के अन्दर बहुत सी बातें रूस ग्रहण कर रहा है प्राइवेट सैक्टर की चीजों को और पूंजीवादी देश बहुत सी चीजें समाजवादी प्रणाली में जो अच्छी हैं उनको ग्रहण कर रहे हैं यानी पूंजीवादी और साम्यवादी दुनिया की प्रणालियां एक-दूसरे से सहयोग भी कर रही हैं। और एक दूसरे से मिलकर उनकी प्रणालियों को अपने-अपने देश के अन्दर इण्ट्रोड्यूस भी कर रहे हैं। हमारा ही एक मुल्क है, जहां कि हमारा संविधान बनाने वालों ने आजादी की लड़ाई के दौरान ही, जिसमें महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू, जय प्रकाश नारायण या आचार्य नरेन्द्र देव या डा. लोहिया जैसे बड़े-बड़े राष्ट्रीय नेता थे, उन्होंने उसी दौरान ही संकल्प किया कि जब हिन्दुस्तान आजाद होगा तो उसका स्वरूप कैसा होगा, उसकी रूपरेखा क्या होगी, यह देश कैसा होगा ? उसी दौर में हमने समाजवादी जनतांत्रिक मूल्यों पर आधारित डेमोक्रेटिक सोशलिज्म की स्थापना का संकल्प लिया था। आज एक बहुत बड़ा सवाल दुनियां के सामने कि जनतंत्र के माध्यम से समाजवाद के लक्ष्य को कैसे हासिल किया जाये और समाजवाद की स्थापना के साथ-साथ जनतंत्र को भी

[श्री कल्पनाथ राय]

कैसे कायम किया जाये? यह एक बहुत बड़ा बुनियादी प्रश्न है दुनियां के साथ पोलिटिकल थिंकर के सामने या उन नए नेताओं के सामने जो अपने मुल्कों में इस प्रणाली की स्थापना करना चाहते हैं।

अगर मुझसे पूछा जाये मान्यवर, तो मैं कहूंगा कि हिंदुस्तान को शक्तिशाली मजबूत, समाजवादी राष्ट्र बनाने के लिए 10 वर्षों तक हिन्दुस्तान में कोई हड़ताल नहीं होनी चाहिए। मेरी राय तो यह है कि दस साल के लिए हर तरह की हड़ताल पर, तालेबंदी पर, घेराव पर पाबंदी लगाना चाहिए और इस काम में सरकार के साथ सभी राजनीतिक दलों को भी इसमें सहयोग करना चाहिए। हां, एक सवाल उठ सकता है, पूंजीवादी और यह बड़े-बड़े जो मोनोपोली हाउसेज के लोग हैं, जो मजदूरी कम देते हैं, मजदूरों का शोषण करते हैं, इनके यहां हड़ताल होनी चाहिए, यह तो बात मेरी समझ में आती है, लेकिन पब्लिक सेक्टर के कारखाने घाटे में क्यों चल रहे हैं? पब्लिक सैक्टर में हड़ताल क्यों की जाये? अगर समाजवाद की स्थापना आपका उद्देश्य है और समाजवादी गणराज्य की स्थापना आप करना चाहते हैं विशेष रूप से कम्युनिस्ट पार्टी के लोग जो पब्लिक सेक्टर को चाहते हैं — The public sector should occupy commanding heights of the economy.

उन मित्रों से मेरा कहना है कि आप इस पर गंभीरता से विचार करें कि आखिर पब्लिक सेक्टर घाटे में क्यों चल रहा है और पब्लिक सेक्टर में अपने मुल्क में क्यों यह हड़ताल या सत्याग्रह या आंदोलन या घेराव या प्रदर्शन का काम किया जाये?

बिरला, टाटा, डालमियां, सिंघानियां की मिलों में अगर हड़ताल करते हैं तो थोड़ी देर के लिए समझ में आता है कि आप पूंजीवाद के खिलाफ हैं, मोनोपोली-हाउसेज के खिलाफ हैं, पूंजीपतियों के खिलाफ हैं, इसलिए यह काम कर रहे हैं। लेकिन यह बात समझ में नहीं आती कि जब समाजवाद की आप बात करते हैं तो हिन्दुस्तान में जो पब्लिक सेक्टर इकोनोमी का निर्माण हम कर रहे सन् 1947 से भूखे नंगे, कंगाल हिन्दुस्तान में जब पब्लिक सेक्टर की नींव डाली और उसको मजबूत करने की कोशिश की तो फिर इस पब्लिक सेक्टर यूनिट में घाटा क्यों? यह हड़ताल क्यों? घेराव क्यों? प्रदर्शन क्यों? तालाबंदी क्यों? इसको मजबूत कैसे किया जाये, इस प्रश्न के ऊपर एक राष्ट्रीय मतैक्य होना चाहिए। हिन्दुस्तान के सारे राजनीतिक दलों को कम्युनिस्ट पार्टी की अध्यक्षता में यह विचार-विमर्श करना चाहिए। मैं तो आपको चेयरमैन बनाने को तैयार हूं चतुरानन मिश्र जी, कि आपकी अध्यक्षता में यह बात तय की जाये कि हिन्दुस्तान में पब्लिक सेक्टर में इकोनोमी कैसे मजबूत हो ... (व्यवधान) ...

श्री चतुरानन मिश्र: पब्लिक सेक्टर का चेयरमैन आपको बना दें ...

श्री कल्पनाथ राय: नहीं आपको ... (व्यवधान) ....

उपसभाध्यक्ष (डा० बापू कालदाते): दोनों मिलकर तय कीजिए।

श्री कल्पनाथ राय: आदरणीय उपाध्यक्ष महोदय, पब्लिक सेक्टर की इकोनोमी को मजबूत बनाने के लिए सभी राजनैतिक दल श्री चतुरानन मिश्र की अध्यक्षता में एक हफ्ते बैठकर विचार करें कि हिन्दुस्तान में पब्लिक सेक्टर को मजबूत किया जाये। इसकी एनोमोलिस क्या हैं, कमियां क्या हैं उनको कैसे दूर किया जाये? कैसे हिन्दुस्तान में श्रम शक्ति का इस्तेमाल भारत में समाजवाद को मजबूत बनाने में किया जाए? यह एक बुनियादी प्रश्न है। वी० टी० रणदिवे, डांगे जी और श्री प्रदीप चौधरी जी जो यहां बैठे हैं ये सारे लोग इस प्रश्न के ऊपर बुनियादी ढंग से विचार करें ये मत भूलिये। कि हिन्दुस्तान ही एक ऐसा कंट्री है जहां समाजवाद के साथ जनतंत्र की स्थापना का हमने निर्णय किया है और 40 वर्ष से इस देश में जनतंत्र चल रहा है। रूस और चीन में कभी हड़ताल नहीं होती। वहां 400 मिलियन टन

अनाज पैदा हो रहा है। चीन में सौ मिलियन टन लोहा पैदा हो रहा है। कभी रूस में हड़ताल नहीं हुई। पिछले 60-70 साल में कभी घेराबंदी या तालाबंदी नहीं हुई। उन्होंने कभी अपने प्रोडक्सन को कम नहीं होने दिया। लेकिन वही बात आप हिन्दुस्तान में क्यों करना चाहते हैं। यदि आप प्राईवेट सेक्टर में यह बात करते हैं तो बात समझ में आ सकती है लेकिन पब्लिक सेक्टर में क्यों करते हैं? पब्लिक सेक्टर की बर्बादी करने पर क्यों लगे हुए हैं। इस बात पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। चाहे कांग्रेस पार्टी की हुकूमत रहे न रहे या आपकी हुकूमत बन जाये लेकिन उससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा। आप हिन्दुस्तान की जो आज हालत है उससे भी बदतर हालत में ले जाना चाहते हैं। आज मुल्क में जो पोलिटिकल स्टेबिलिटी है, नेशनल स्टेबिलिटी है, एकता है, जो कुछ जनतंत्र चल रहा है, उससे भी ज्यादा का फ्यूजन आप करना चाहते हैं। हिन्दुस्तान का कम्युनिस्ट तो दिवालिया ही रहेगा। भटकाव की राजनीति का उन्होंने अनुसरण किया है। उन्होंने कभी जनता के मन के अनुरूप कदम नहीं उठाया है। जब हिन्दुस्तान की आजादी की लड़ायी चरम सीमा पर थी तब इस देश के कम्युनिस्ट महात्मा गांधी जी और नेहरू जी को साम्राज्यवाद का एजेंट कहने लगे और खड़े हो गए साम्राज्यवादियों के साथ। पाकिस्तान के बनने का वे समर्थन करने लगे। जब देश आजाद हुआ और जब इस देश में इतनी गरीबी है तो कम्युनिस्ट पार्टी को बहुत मजबूत होना चाहिए था लेकिन वह सबसे कमजोर पार्टी है, इससे ज्यादा दुख की बात और क्या हो सकती है। हिन्दुस्तान जहां कि 30-40 करोड़ लोग गरीबी की रेखा के नीचे रहते हैं, जहां कि सबसे ज्यादा गरीब हैं वहां, कम्युनिस्ट पार्टी सबसे ज्यादा कमजोर हो, यह इस बात को साबित करता है कि कम्युनिस्ट न तो भारत की जनता का भला चाहते थे और न चाहते हैं। सन् 1947 में जब देश आजाद हुआ उस समय हिन्दुस्तान भूखा, नंगा और कंगाल था तब आपके बी० टी० रणदिवे के नेतृत्व में आपने मार-काट और खून-खराबे का नारा दिया। जो देश की जर्जर अर्थ व्यवस्था थी उसको भी तोड़ने की कोशिश की। लेकिन भारत की जनता ने आपकी लाइन को स्वीकार नहीं किया। फिर 1962 से लेकर जब चीन का हमला हुआ तब आपने भारत की जनता का साथ नहीं दिया। फिर 1966-67 आते आते कांग्रेस हटाओ देश बचाओ में आप शामिल हो गए।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : 75-76 में क्या किया?

श्री कल्पनाथ राय : कम्युनिस्ट पार्टी की और पब्लिक सेक्टर की बात हो रही है। सन् 67 में फिर आपने कांग्रेस हटाओ देश बचाओ की राजनीति को शुरू किया। फिर 69 आते-आते आपने जनसंघ से पिण्ड छुड़ाया। सन् 71 में आप देश बचाने के लिए इंदिरा गांधी जी के साथ खड़े हो गए। गरीबी हटाने के लिए खड़े हो गए 71 से 76 तक। आपने 77 में इमरजेंसी का भी समर्थन किया। लेकिन जैसे ही इंदिरा गांधी जी हारी वैसे ही आपने हिन्दुस्तान के साम्राज्यवादियों के साथ गठजोड़ कर लिया और जनता पार्टी के कुनबे जैसी जनता पार्टी बनी आप उसके साथ खड़े हो गए और आज पुनः मुल्क की एकता और अखंडता को सबसे बड़ा खतरा पैदा हो गया है। आज सबसे बड़ा सवाल हिन्दुस्तान के सामने भारत की एकता और अखंडता का है।

दूसरा सवाल भारत से गरीबी को हटाने का है। इस दौड़ में जबकि आप को भारत की एकता और अखंडता को बचाने के लिये, दुनिया में साम्यवाद को खत्म करने के लिये और उपनिवेशवाद को खत्म करने के लिये, शस्त्रीकरण की होड़ को रोकने के लिये, दुनिया

[श्री कल्पनाथ राय]

में साम्राज्यवाद को कमजोर करने के लिये और निगुट आंदोलन को मजबूत बनाने के लिये आप को राजीव गांधी का साथ देना चाहिए तो आप जनतोर्चे की वकालत करने में लगे हुए हैं। फिर आप ने वही तोड़ा-तोड़ी की राजनीति करना शुरू किया और ऐसा कर के आप फिर देश को तोड़ने की, उस को विघटन की ओर ढकेलने की राजनीति का सहारा ले रहे हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि कैसे पब्लिक सेक्टर मजबूत होगा? जिन ताकतों के साथ आप हाथ मिला रहे हैं वह ताकतें तो पब्लिक सेक्टर की दुश्मन है। कौन सी पार्टी है अप्रोजोशन की जो कहती हो कि पब्लिक सेक्टर आकुपाईज दि कमांडिग हाइट्स आफ इकोनामी। आज जन मार्चे की बात कम्युनिस्ट पार्टी करती है। सी पी आई एम और सी पी आई, दे आर दी नेचुरल एलाइज, लेकिन जब वह कम्युनिस्ट पार्टी में थे, कांग्रेस पार्टी के वित्त मंत्री थे तो हिन्दुस्तान के प्राइवेट सेक्टर को मजबूत बनाने के लिये जितना काम उन्होंने किया उतना काम किसी और ने नहीं किया। मल्टी नेशनल कंपनियों को भारत में आने का जितना बड़ा निमंत्रण उन्होंने दिया उतना निमंत्रण किसी और ने नहीं दिया। यहां लिबरलाइज इंपोर्ट और लांग टर्म फिजिकल पालिसी से जितना लाभ उन्होंने पूंजीपतियों को दिया और मोडवेट के सिद्धांत को लाकर पूंजीपतियों को जितनी मदद उन्होंने की उतनी किसी और ने नहीं की और 1984-85 और 1985-86 और 1986-87 में जितना वे पूंजीपतियों की तरफ झुके हुए थे और जिस आदमी ने समाजवाद और समाजवाद की ताकतों का खुलेआम विरोध किया कांग्रेस पार्टी के वित्त मंत्री की हैसियत से आप उससे हाथ मिला रहे हैं। आप कैसे पब्लिक सेक्टर को मजबूत करना चाहते हैं। यह एक बुनियादी सवाल है। सवाल इस बात का नहीं है कि कांग्रेस पार्टी सत्ता में रहेगी या नहीं रहेगी, आप सत्ता में चले आयेंगे या नहीं यह तो जनतंत्र का राज है। यहां कभी सत्ता में कांग्रेस रह सकती है, कभी आप रह सकते हैं, लेकिन सत्ता में आने के बाद आप की नीति क्या होगी। आप के कार्यक्रम क्या होंगे। आप के दल की नीतियां क्या होंगी। आप के सिद्धांत क्या होंगे। आप के दीर्घकालीन कार्यक्रम क्या होंगे। राजनीति एक दीर्घकालीन धर्म है और धर्म भी एक दीर्घकालीन राजनीति है। तो यह बुनियादी प्रश्न हैं। आज बंगाल में कम्युनिस्ट पार्टी की हुकूमत है। सब से ज्यादा भुखमरी और गरीबी बंगाल में है। आज तक आप वहां लैंड रिफार्म लागू नहीं कर सके। आप ने हिन्दुस्तान की जनता के सामने कौन सा उदाहरण प्रस्तुत किया है कि जिस से वह आप के साथ हो, कि वह समझे कि आप यहां की गरीबी हटाना चाहते हैं। मान्यवर, इसलिये चाहूंगा जी, आप से कहना चाहता हूं कि दुनिया में जो अंतर्राष्ट्रीय स्थिति है उस को मद्दे नजर रखते हुए हिन्दुस्तान के राजनीतिक दलों को अपनी राजनीतिक, पोलिटिकल दिशा निर्धारित करनी होगी। आज सब से बड़ा सवाल दुनिया की अंतर-राष्ट्रीय स्थिति है। आज दुनिया में साम्राज्यवाद आक्रामक हो रहा है, आज दुनिया में पूंजीवाद आक्रामक हो रहा है, आज दुनिया में नव-उपनिवेशवाद अपने दांत दिखा रहा है जो साम्राज्यवादी ताकतों के कगार पर है। इस साम्राज्यवाद को दुनिया के पैमाने पर कौन सी ताकतें कमजोर करेंगी? विश्व शान्ति को कौन मजबूत करेगा? साम्राज्यवाद को दुनिया में कौन कमजोर करेगा? जो राजनीतिक मुक्ति चाहते हैं और नवजीवन के इच्छुक हैं उन को कौन ताकत प्रदान करेगा? दुनिया में साम्राज्यवाद के खिलाफ रूसी समाजवाद के साथ कौन ताकतें होंगी, यह ऐसे प्रश्न हैं जिन के ऊपर व्यापक संदर्भ में आप को विचार करना पड़ेगा। मैं आप से निवेदन

करना चाहता हूं कि आज हिन्दुस्तान एक विकासशील देश है। इस समय एशिया और अफ्रीका के सैकड़ों मुल्कों में जनतंत्र आया है उसका गला घोंट देना क्या ठीक होगा ? क्या वहां फौजी तानाशाही स्थापित हो यह ठीक होगा। आज दुनिया के एक तिहाई हिस्से में पूंजीपति ताकतें काबिज हैं। उन की हकूमतें वहां कायम हैं। दुनिया के सैकड़ों देश 168 देश संयुक्त राष्ट्र संघ के सदस्य हैं। दुनिया में दस, बारह देश ऐसे हैं कि जो संयुक्त राष्ट्र संघ के सदस्य नहीं है और 15, 20 देश कम्युनिस्ट खेमे में हैं। पांच दुनिया के बड़े औद्योगिक देश हैं, इंडस्ट्रियल नेशन्स हैं। करीब सौ विकासशील देश हैं जो निर्गुट सम्मेलन में हैं और जिनका नेता भारत है। भारत की तरफ विकासशील देशों की निगाहें इस आशा से लगी रहती हैं कि भारत उनकी मदद करेगा दुनिया में जहां जहां भी मुक्ति का संघर्ष चल रहा है, भारत उसका समर्थन कर रहा है, दुनिया में रंगभेद की नीति का खुल्लमखुल्ला भारत विरोध कर रहा है भारत शोषण का विरोध कर रहा है, और आजादी की लड़ाई का समर्थन कर रहा है। साम्राज्यवाद और उपनिवेशवाद के खिलाफ भारत आज खड़ा है भारत ने हमेशा चीन को यूनाइटेड नेशन्स में प्रवेश देने के लिए लगातार उसका समर्थन किया। तो पूरी दुनिया के संदर्भ में जो पोलिटिकल पर्सपेक्टिव आपका होना चाहिए, कम्युनिस्ट या मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का, हमारे वामपंथी मोर्चे का, उसको आप अपनाएं, कांग्रेस पार्टी की जगह कम्युनिस्ट पार्टी आ जाए, तो यह मैं समझता हूं कि अच्छी बात है, लेकिन कांग्रेस जाए और साम्राज्यवादी पार्टियां यहां आ जाएं, यह अच्छी बात नहीं है, इस बात को कोई वामपंथी विचाराधारा वाला व्यक्ति सहन नहीं करेगा इसलिए आप कांग्रेस विरोधी नीति को छोड़िये समाजवादी नीति को बढ़ाने के लिए अपनी नीति को सुधारिए। कांग्रेस पार्टी की समाजवाद में निष्ठा है। श्रीमती इंदिरा गांधी के नेतृत्व में हिन्दुस्तान ने अपने संविधान में संशोधन करके इसे डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट सैक्युलर रिपब्लिक बनाया। इंडिया इज कमिटेड फार सोशलिज्म। भारत के संविधान में कहा गया है—इंडिया विल बी ए सोशलिस्ट, सैक्युलर डेमोक्रेटिक रिपब्लिक। इंडिया इज कमिटेड फार सोशलिज्म, सैक्युलरिज्म एण्ड डेमोक्रेसी। लेकिन मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि जब आप समाजवाद के लिए कटिबद्ध है तो समाजवाद की दुश्मन ताकतों को बल क्यों दे रहे हैं ? कांग्रेस पार्टी का विकल्प आप बन जाइए, कम्यूनिस्ट पार्टी बन जाए, मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी बन जाए, राजीव गांधी जाए तो नंबूदरिपाद आ जाए, वे प्राइम मिनिस्टर बन जाएं, यह बात तो समझ में आ सकती है, लेकिन राजीव गांधी जाए और साम्राज्यवादी ताकतें मजबूत करने वाले, अमरीकी परस्त लोग आ जाए जो कि देश को अंधेरे की गलियों में डुबाना चाहते हैं, जो प्राइवेट सेक्टर को बढ़ाना चाहते हैं, जो मोनोपली हाउसेज को बढ़ाना चाहते हैं, जो अमरीकी ताकतों का वर्चस्व चाहते हैं, ऐसी ताकतों को बढ़ावा आप देंगे तो हिन्दुस्तान की जनता का क्या होगा ?

आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, आज तो कांग्रेस पार्टी में भी वामपंथी और दक्षिणपंथी विचारधारा के लोग आ गए हैं और उनका संघर्ष कांग्रेस पार्टी में भी चल रहा है क्योंकि हम एक डेमोक्रेटिक पार्टी हैं। इस पार्टी में कोई भी व्यक्ति मेम्बर बन सकता है। राजीव गांधी जी ने रजवाड़ों के खिलाफ कार्यवाही की तो नागालैंड में कांग्रेस पार्टी की जीत हो गई क्योंकि कांग्रेस पार्टी वामपंथी विचारधारा के साथ है। इसलिए मेरा आपसे निवेदन है कि आप सर्वहारा लोगों के कल्याण के लिए काम कीजिए। उनके कल्याण के लिए किए जाने वाले कामों को समर्थन दीजिए। उनके कल्याण के लिए किए जाने वाले कामों को समर्थन दीजिए। आप प्रोलिफरेट को मजबूत बनाईये। प्राइवेट सेक्टर को खत्म करके पब्लिक सेक्टर को धीरे धीरे मजबूत कीजिए। लेकिन मजबूत बनाने के साथ साथ आप साम्राज्यवादी ताकतों का साथ मत दीजिए।

[श्री कल्पनाथ राय]

इन शब्दों के साथ मैं आदरणीय चतुरानन मिश्र जी द्वारा प्रस्तुत विधेयक की मंशा की प्रशंसा करता हूं और आशा करता हूं कि वे समाजवादी ताकतों को बल देने और मजबूत करने के लिए अपनी नीति को सुदृढ़ करेंगे ।

धन्यवाद ।

SHRI GHULAM RASOOL MATTO Jamu and Kashmir): Mr. Vice-Chairman, Sir, although I myself have leftist leanings and my party, the Na/onal Conference, is also a leftist party and our flag is red with a plough in it, yet, I am afraid, I am not in agreement perhaps it may sound startling — with Shri Chaturanan Mishra for deletion of this proviso in the Payment of Wages Act, 1936, as he has propounded in his Bill. I say this because some kind of discipline is really needed in all the undertakings, whether they be in the public sector or in the private sector. I do not know— Mr. Chaturanan Mishra may, perhaps, enlighten me—if it is possible for workers in any east European country or the Soviet Union or China to do such a thing and not get punished for it. I do not know: he may say something. But, I am afraid, I am not in agreement with him and I do not rthink this proviso can be deleted. The reason is simple.

Section 9 (1) of the Payment of Wages Act, 1936, says:

"Deductions may be made under clause (b) of sub-section (2) of saction 7 only on account of the absence of an employed person from the place or places where, by the terms of his employment, he is required to work, such absence being for the whole or any part of the period during which he is so required to work.

Sub-section (2) of section 9 Is very important here and that Is to he understood. If I have not understood H correctly, the honourable Minister li here and he will, during the course of his reply, enlighten me if I am wrong. Sub-section (2) of section 9 says:

The amount of such deduction shal in no case bear to the wages payable to the employed person in respect of the wage-period for which the deduction is made a larger proportion than the period for which he was absent bears to the total period, within such wage-period, during which by the terms of his employment, he was required to work."

This gives enough guarantee, enough protection to the worker. So, with regard to sub-section (2) I am in agreement that it must remain there. The only difficulty with me is that I am not agreeable to delete this part of the proviso, which says:

"Provided that, subject to any rules made in this behalf by the State Government, if ten or more employed persons acting in concert absent themselves without due notice

Sir, my contention is, if we have to inculcate healthy trade unionism in this country, it should be on sound, constructive and legal lines. If their cause is right, why shouldn't they give due notice? If they give due notice, then it Is legal. Then they have got to get their wages for that period.

श्री चतुरानन मिश्र : अगर आप इजाजत दें तो मैं एक बात कहना चाहता हूं...

SHRI GHULAM RASOOL MATTO: Minister Saheb...

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF LABOUR (SHRI P. A. SANGMA): Yes, I am hearing.

श्री चतुरानन मिश्र : सब-क्लाज 2 ही क्लीयर हो जाता है कि हमारी डिडक्शन होगी। लेकिन मेरा कहना है कि एक दिन हम गैर-हाजिर हो जायें तो 8 दिन वेजेज मत काटिये एक दिन का ह काटिये । ऐसा प्रोविजो है "...

और कुछ हमारा एतराज नहीं.amount not exceeding his wages tor eight days..

SHRI GHULAM RASOOL MATTO. I am sorry, Mr. Mishra. If I am right, you have said that in section 9 (2) of tho Payment of Wages Act, 1936, the proviso shall be omitted.

SHRI CHATURANAN MISHRA: Yes.

SHRI GHULAM RASOOL MATTO: According to this Bill of yours, you want the entire provision to be deleted.

SHRI CHATURANAN MISHRA: No, only the proviso.

SHRI GHULAM RASOOL MATTO: That is what I am telling.

SHRI CHATURANAN MISHRA; Not sub-section (2): that remains.

उपसभाध्यक्ष (डा॰ बापू कालदाते) : आप मेरी तरफ देख करके बोलिये । उन्हें छोड़ दीजिए ।

SHRI GHULAM RASOOL MATTO: That is, without due notice. It says, without giving due notice which is required under the terms of their contracts of employment and without reasonable cause. This is very reasonable. How can you delete it? It has now come with another clarification, that is, such •deduction from any such person may include such amount not exceeding his wages for eight days as may by any such terms be due to the employer in lieu of due notice." The idea, according to my understanding under this is, if the strike continues for 10, 20, 30 or 40 days, the deduction will be only for eight days. Am I right?

THE VICE-CHAIRMAN (DR. BAPU KALDATE): Mattoji let us not have 8 question-answer session. The Minister will reply to him.

SHRI GHULAM RASOOL MATTO: I am trying to clear the other side.

The other side means "eight days."

THE VICE-CHAIRMAN (DR. BAPU KALDATE): Leave it. Whatever you have understood, please try to explain. It does not matter.

SHRI GHULAM RASOOL MATTO: I am clear in my mind. I am going to support him. I agree to this proviso:

> "Provided that, subject to any rules made in this behalf by the State Gor-ernment, if ten or more employed persons acting in concert absent themselves without due notice (that is to say without giving the notice which is required under the terms of their contracts of employment) and without reasonable cause

I am agreeing to this proviso up to this point.

Mr. Chaturanan Mishra has referred to:

> such deduction from any such person may include such amount not exceeding his wages for eight days as may by any such terms be due to the employer in lieu of due notice."

He says that if a worker absents himself for less than eight days, still eight days wages will be deducted I would like the hon. Minister to clarify this kindly. I have one difficulty in understanding the proviso of this Act. So far as this proviso is concerned, I think, up to the point I have read, it is correct, and I support it. His contention is, if anybody goes on strike for one day only, the deduction will be his wages for eight days. My surmise is that if it is over 10 days, 20 days, 30 days, the deduction will be only wages up to 8 days. It is for the Mmister to clarify it.

But, what has the hon. Minister to say to this point? If the strike is for less than eight days, will 8-days' wages still be deducted? If so, then it is an obnoxious provision. Then, that needs to be amended.

If a person or a group of persons, though they may have committed a default, goes on strike for a day or up to eight days, still their wages for eight Jays wilt be deducted, then, this needs to be amended. I would like the hon. Minister to clarify. But, so far as this part of the proviso, that is up to the words "without

[Shri Ghulam Rasool Matto] reasonable cause'* is concerned, I agree on this. It should remain in the interest of healthy trade-unionism in the country.

With this .observation, I would request tho hon. Minister to clarify this so that Mr. Chaturanan Mishraji, if he is satisfied with the hon. Minister clarification, may withdraw his Bill. And if the hon. Minister is satisfied with the explanation I have given, he may amend the Act accordingly.

Thank you very much, Sir.

डा० रत्नाकर पाण्डेय (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, पंडित चतुरानन मिश्र जी ने मजदूरी संदाय विधेयक, 1936 का और संशोधन करने के लिये जो मजदूरी संदाय (संशोधन) विधेयक, 1985 रखा है, उस पर मैं अपने विचार प्रकट करना चाहता हूं।

महोदय, इसके उद्देश्यों और कारणों के कथन के अन्तर्गत कहा गया है कि :

'यह परन्तुक, जिसे हटाये जाने का प्रस्ताव है, अंग्रेजों के शासन काल के दौरान अधिनियमित किया गया था। भारत के गणराज्य बन जाने के पश्चात् औद्योगिक विवाद अधिनियम जैसे विभिन्न प्रगतिशील अधिनियम बनाये गये हैं। यह परन्तुक इस समय लागू विभिन्न श्रम विधियों में दी गई प्रसुविधाओं की भावनाओं के प्रतिकूल है। अतः इसे तुरन्त हटाए जाने की आवश्यकता है।'

उपसभाध्यक्ष महोदय, इस विधेयक के जो उपबंध हैं उस पर मैं अपने विचार रखना चाहूंगा। माननीय उपसभाध्यक्ष जी, 'श्रमेव जयते' हमारा राष्ट्रीय नारा है। श्रम की जय हो, सत्य की जय हो। श्रम की जय अर्थात् कर्मवाद में देश विश्वास करता है। कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।

काम करो उसका फल क्या होगा इसकी चिन्तन मत करो। अगर आदमी काम करेगा मेहनत करेगा पसीना अपना बहायेगा तब जो उसका फल मिलेगा वह लाभदायक ही सिद्ध होगा। श्रम का शोषण बन्द होना चाहिए। सारी मानवता के बीच से श्रम करने वालों का जो शोषण है वह बन्द हो, इसके लिए हमें गम्भीरतापूर्वक विचार करने की आवश्यकता है। आज प्राईवेट सेक्टर और पब्लिक सेक्टर की बात अभी चल रही थी। हमें अनेक ऐसे उद्यमों के निरीक्षण का अवसर मिला है जो सरकारी उपक्रमों के अन्तर्गत काम करते हैं और उन में जो एग्जीक्यूटिव हेड्ज हैं वे अपनी परेशानियों से जूझ रहे हैं और मजदूर अपनी परेशानियों के कारण शान्ति का अनुभव नहीं करते हैं। इसका कारण है कि परस्पर स्वामी और सेवक में जो मानसिक एकरूपता होनी चाहिये जो परस्पर हृदय की भावनाओं एवं विवेक के चिन्तन का दोनों में समन्वय होना चाहिये उसकी कमी के कारण सारे लेबर डिस्प्यूट्स उपस्थित होते हैं और सब से बड़ी चीज है कि हम राजनीतिक लोग अपना स्वार्थ सिद्ध करने के लिए अपने अपने दलों का नारा लगवाने के लिए अपना अस्तित्व उन मजदूरों में जो उत्पादन करते हैं अपना पसीना गिरा कर राष्ट्रीय उद्यमों के निर्माण में अपना सर्वस्व न्योछावर कर के सब कुछ उत्पादित करते हैं उनके बीच में हम राजनीतिक दल के लोग अपनी-अपनी यूनियंस बना कर के उन्हें अपने राजनीतिक लाभ के लिए उपयोग में लाते हैं। यह बड़ी ही खतरनाक स्थिति है। आज देश में जो सरकारी उद्यम हैं उन में से अधिकांश बीमार पड़े हुए हैं। बहुत सी कपड़ा मिलें आज सिक यूनिट्स के रूप में पड़ी हैं। बहुत से हमारे उद्यम ऐसे हैं जो उन में काम करने वाले लोग हैं वे प्राईवेट सेक्टर के लोगों का काम करते हैं तनख्वाह हम से लेते हैं। अभी कुछ महीने पहले मैं आई० डी० पी० एल० हरिद्वार ऋषिकेश यूनिट में था। वह यूनिट करोड़ों करोड़ रुपये घाटे में चल रही है। उसके एग्जीक्यूटिव हेड से मैंने पूछा कि इसका क्या कारण है क्यों घाटे में चल रही है ? उन्होंने स्पष्ट कहा कि साहब

हमारे जो सेल्ज रिप्रेजेंटेटिव हैं उनकी संख्या 400 है और उनकी एक फेडरेशन भी है। हम जो उत्पादन करते हैं उसका आर्डर बुक करने का जिम्मा उनका है और जब आर्डर बुक न कर के कुछ और काम वह करते हैं जब एक्शन लेते हैं तो फेडरेशन बीच में आ जाती है। फेडरेशन इसलिए बीच में आ जाता है क्योंकि एग्जीक्यूटिव हेड उनके कार्यों में दखल देते हैं। वे काम तो करते हैं सरकार के उद्यम में, तनख्वाह लेते हैं सरकारी उद्यम से निष्ठा उनकी सरकारी उद्यमों के प्रति होनी चाहिए लेकिन जो प्राईवेट सेक्टर की दवाएं बनाने वाली कम्पनियां है रिकार्ड में नहीं रिकार्ड के बाहर उनका आर्डर बुक करते हैं और सरकारी उद्यमों के उत्पादन का आर्डर बुक ही नहीं करते हैं और ऐसी फेडरेशंस ऐसी लेबर यूनियंस संगठन इस देश के मजदूरों का इस देश का हित-चिन्तन नहीं कर सकते है। उत्पादन राष्ट्रीय हो और सेल्ज रिप्रेजेंटेटिव प्राईवेट लोगों का आर्डर लें तो यह कितनी बड़ी विडम्बना है, कितना बड़ा कामचोरी का मामला है। तनख्वाह तो हम सरकार से लें उद्यम विशेष से लें आर्डर उसके लिए बुक करने का स्वांग करें और आर्डर बुक करें प्राईवेट कम्पनियों के लिए यह सब बन्द होना चाहिये।

हमारे भारत में जहां एक पिन भी नही बनती थी परतन्त्रता के युग में जहां बटन से ले कर सुई तक विदेशों से आयात होती थी। उस देश में पंचवर्षीय योजनाओं के माध्यम से स्वतंत्र भारत के सर्वश्रेष्ठ कल्पनाकर पंडित जवाहर लाल नेहरू ने औद्योगिक तीर्थों की स्थापना की। अनेक औद्योगिक तीर्थों इस राष्ट्र में निरंतर स्थापित हुए जिन्हें हम कल कारखानों के नाम से भी सम्बोधित कर रहे हैं। उन कल कारखानों में जो योजनाएं बनायी गयी उत्पादन के उस लक्ष्य के अनुरूप हम उत्पादन नहीं कर सके। निश्चित रूप से ऐसा इसलिए हुआ कि जो काम करने वाले लोग हैं जो उत्पादन देने वाले लोग हैं उन्होंने ढंग से, जो उनका निर्धारित लक्ष्य था उसके अनुरूप काम नहीं किया, उत्पादन नहीं किया। ऐसी विषम स्थिति में भी हमारी सरकार ने काम करने वाले को उसका जायज हिस्सा उसका जायज हक देने में कभी कोताही नहीं की है। अभी दीपावली के आसपास 33 हजार मेगावाट के आसपास बिजली उत्पादन कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले के ओबरा थर्मल पावर, शक्ति नगर, रेनुकू अनपरा आदि इन सब स्थानों का मैंने दौरा किया था। पिछले वर्ष भी इन स्थानों का दौरा मैंने किया था। उस समय लेबर डिस्प्यूट था। अनेक प्रकार के मेकेनिकल असिस्टेंट्स के अभाव में जो उत्पादन होना चाहिए था वह नहीं हो रहा था। लेकिन सारे मजदूर नेताओं को, मजदूरों को, सामाजिक कार्यकर्ताओं को, विभिन्न दलों को और एक्जीक्यूटिव्स को सबको एक साथ बैठकर पिछले वर्ष मैंने उन सारी यूनिट्स में उनकी बैठकें की और मजदूरों से साफ कहा कि तुमको बोनस तभी मिलेगा जब तुम उत्पादन बढ़ाओगे किसी के बहकावे में मत आओ, कोई बाहरी आदमी हो, चाहे मैं हूं, जाहे जनसंघ का आदमी हो, जनता पार्टी का हो, कम्युनिस्ट पार्टी का हो, किसी भी राजनीतिक दल का आदमी हो किसी को घुसने मत दो, खुद तुम्हारा यह कारखाना है, तुम्हारा जो उत्पादन होगा जब अधिक पैदा करोगे तो वही लाभ तुमको विवश होकर देना पड़ेगा जो यूनिट है वह कही नही जायेगी और उपसभाध्यक्ष महोदय आपको जानकर खुशी होगी कि सारी यूनिट्स में सारे जितने सीमेंट के भी वही कारखाने हैं सबसे अधिक सीमेंट का उत्पादन उन्हीं स्थानों पर होता है, चुर्क, डाला, कजरहट, मिर्जापुर, इन स्थानों पर या बिजली उत्पादन के जो स्थान हैं वहां पर सभी जगह मजदूर धनतेरस के एक दिन पहले खुशी-खुशी बोनस ले रहे थे। एक्जीक्यूटिव खड़े होकर बोनस बंटवा रहे थे। उन्होंने

[डा० रत्नाकर पाण्डेय]

राष्ट्रीय उत्पादन में अपना सर्वस्व न्योछावर करके उत्पादन बढ़ाया, रिकार्ड मंगवाकर देख लीजिए। हम राजनीतिक लोग अपने स्वार्थ के लिए उन्हें दलों में बांटते हैं। यह बहुत बड़ा दुष्कर्म हम करते हैं। इसलिए माननीय उपसभाध्यक्ष जी, आज आवश्यकता इस बात की है कि जो हमारे पब्लिक सेक्टर के उत्पादन हो रहे हैं उनसे क्यों प्राइवेट सेक्टर के उत्पादन अधिक होते हैं और पब्लिक सेक्टर के कम होते हैं, यह ध्यान देवें। इसका कारण है ; जैसा श्री जयशंकर 'प्रसाद' ने लिखा है :

"ज्ञान भिन्न कुछ क्रिया दूर है, इच्छा
पूरी हो क्यों मन की,
एक दूसरे से न मिल सकें यह विडम्बना
है जीवन की।"

मजदूर छोटी छोटी बातों पर इन्कलाब जिंदाबाद करके लाल झंडा लेकर घूमना शुरू कर देते हैं। करोड़ों करोड़ का रोज रोज का हमारा उत्पादन ठप्प हो जाता है। यह जो उत्पादन के पीछे हमारा "श्रमेव जयते" का लक्ष्य है यह उसके साथ धोखा है अत्याचार है, अनाचार है। यदि मजदूर अपना पसीना गिराता है तो उसे स्वस्थ वातावरण मिलना चाहिए। बहुत से सरकारी उद्यमों में प्राइवेट उद्यमों में हमारे रेनुकूट में बिड़ला जी का उद्यम है इनमें प्रदूषण की समस्या व्यापक रूप से है और बार-बार आश्वासन देने के बाद भी इसको हल नहीं करते हैं और प्रतिवर्ष हमारे मजदूर बीमार पड़ते हैं। सीमेंट के उत्पादन में चूना और अन्य केमिकल्स वातावरण में सीमेंट के रूप में उड़ जाते हैं। सरकारी उद्यमों में कम से कम 10 प्रतिशत सीमेंट उड़ जाता है क्योंकि उसको प्रिजर्व करने का हमारे पास अति आधुनिक वैज्ञानिक उपाय नहीं है और वहां का मजदूर निरंतर अस्वस्थ ही रहता है।

उत्पादन क्षेत्रों में उसके रंध्र के माध्यम से, उसके श्वास-प्रश्वास की क्रिया के माध्यम से सीमेंट, कोयला और अनेक उच्छिष्ट केमिकल्ज उसके शरीर में प्रवेश करते हैं और वह रुग्ण हो जाता है। तो रुग्णता से हमें मजदूरों को दूर रखना है और वह दूर होगी तब जब पर्यावरण मंत्रालय उस पर ध्यान दें और कड़ाई के साथ जो भी हमारे यूनिटस हैं, जो भी हमारे उत्पादन के स्थल हैं, वहां का वातावरण शुद्ध हो और अति आधुनिक वैज्ञानिक विधि से स्वच्छ, निर्मल और प्राकृतिक वातावरण हम मजदूरों को दे सकें।

जहां तक उत्पादन की बात है, इस देश का उत्पादन बड़ा है और मजदूर ने यह विश्वास कर लिया है कि जो राजनीतिक लोग हमारा उपयोग करके हड़ताल करवाते हैं, वह अनुचित करते हैं। वह राष्ट्र के उत्पादन में कमी करके जैसे कोई व्यक्ति देश की राष्ट्रीयता के प्रतिघात करता है, उसी तरह उत्पादन ठीक ढंग से न करके हम राष्ट्र के हित में काम नहीं करते हैं। यह भारत का मजदूर समझ चुका है और जितने प्रकार की सुविधायें हमारी सरकार ने मजदूरों को दी हैं, वैसी सुविधायें कम जगह मिलती हैं।

कलकत्ता में जाइये, हर सड़क पर चाहे बैंक यूनियन हो, चाहे लेबर की अन्य इकाईयों हों, उनकी यूनियन हों, झंडा लेकर इंक्लाब-जिंदाबाद एक फेशन की तरह जुलूस चलता है और अभी हमारे एक मित्र कह रहे थे कि कम्युनिस्टों की अध्यक्षता में सारे राष्ट्र के मजदूरों के हित-चिंतन के लिए समिति बने—बने लेकिन हमारी निष्ठा, हमारे लक्ष्य, हमारा भाव-बोध, हमारे समस्त अस्तित्व समेत चिंतन की प्रक्रिया वह राष्ट्रीयता के आधार पर हो और बहुत से देशों ने जिन्होंने उन्नति की है, वहां कभी भी लेबर अनरेस्ट नहीं रहा है और लेबर अनरेस्ट करवाता कौन है? करवाते हैं

राजनीतिज्ञ लोग और इसलिए करवाते हैं कि अगर लेबर अनरेस्ट नहीं हुआ, तो उन्हें कौन पूछेगा और बहुत से नेताओं को, माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं जानता हूं जो मजदूरों में बैठ कर मजदूरों की बात करते हैं, कहते हैं कि हम लड़ रहे हैं सेठ से तुम्हारे लिए और सेठ उन्हें खरीद लेता है लिफाफा रुपयों का भर करके, अनेक प्रकार की सुख-सुविधाओं का आकर्षण उन्हें देकर मजदूरों के साथ दगा करने के लिए बिचोलिए यूनियन नेता को विवश करता है और ऐसे लालची लोग लेबर फ्रंट पर है, जो पूंजिपतियों से मजदूरों के श्रम का सौदा कर लेते हैं। ऐसे लोगों का बायकाट करना चाहिए, चाहे वह किसी भी दल के हों, चाहे किसी भी यूनियन से हों। एक छूत की बीमारी की तरह, सी० बी० की तरह यह रोग लेबर मूवमेंट में बड़ी तेजी से पनपा है और इस घूसखोरी की चीज का समाहार होना ही चाहिए

जहां तक अब श्री चतुरानन मिश्र ने– "मजदूरी संदाय अधिनियम, 1936 से उद्धरण (1936 का 4) --

9. (1) धारा 7 की उपधारा (2) के खण्ड (ख) के अधीन कटौतियां नियोजित व्यक्ति को उस स्थान या उन स्थानों से, जहां उसके नियोजन के निबंधनों द्वारा उससे काम करने की अपेक्षा की जाती है, उस अनुपस्थिति के कारण ही की जा सकेगी जो उस सम्पूर्ण कालावधि या उसके किसी भाग के लिए हो, जिसके दौरान उससे इस प्रकार काम करने की अपेक्षा की जाती है।

(2) ऐसी कटौती की रकम का उस मजदूरी से अनुपात, जो नियोजित व्यक्ति को उस मजदूरी कालावधि की बाबत संदेय है जिसके लिए कटौती की गई है, उस अनुपात से किसी भी दशा में अधिक न होगा जो उस कालावधि का, जिसमें वह अनुपस्थित रहा है, ऐसी मजदूरी-कालावधि में की उस कुल कालावधि से है जिसके दौरान उसके नियोजन के निबन्धन उससे काम करने की अपेक्षा करते हैं।

परन्तु राज्य सरकार द्वारा इस निमित्त बनाए गए किन्हीं भी नियमों के अध्यधीन यह है कि यदि मिल कर कार्य करते हुए दस या अधिक नियोजित व्यक्ति सम्यक सूचना के बिना (अर्थात् वैसी सूचना दिए बिना जैसी उनकी नियोजन संविदाओं के निबन्धनों के अधीन अपेक्षित है) और युक्तियुक्त हेतुक के बिना, अनुपस्थित रहते हैं तो ऐसे किसी व्यक्ति से की गई ऐसी कटौती में आठ दिनों की उसकी मजदूरी से अनधिक उतनी रकम सम्मिलित हो सकेगी जितनी सम्यक् सूचना के बदले में किन्हीं ऐसे निबन्धों के अनुसार नियोजक को शोध्य हो।"

यहां टैक्नीकल ढंग से मिश्र जी ने मजदूरों के ही हित चिंतन की बात की है, लेकिन मजदूरों को क्या हम अपना टूल बनायेंगे, उन्हें आकर्षण दे करके कि सरकार की ओर से, तुम काम मत करो और हम तुम्हें उन काम के दिवसों की भी मजदूरी दिलायेंगे ? क्या हम दूसरे माध्यम से अपनी राजनीतिक अभीप्सा के विस्तार को तो योजना नहीं बना रहे हैं ? स्पष्ट रूप से अराष्ट्रीय ताकतें इस तरह का फन फैला करके सारी राष्ट्रीयता को डस लेना चाहती हैं। हम चाहते हुए भी अपने लक्ष्यों और उद्देश्यों की प्राप्ति उत्पादन के क्षेत्र में नहीं कर पा रहे हैं। कोई अपने क्षेत्र को ही विकसित करने में लगा है, कोई क्षेत्रीय दल बना करके पूरे देश को उस क्षेत्र के नक्शे में देखना चाहता है, कोई विदेश के दर्शन और विदेश की गाइडेंस पर इस देश में समानता की वकालत कर रहा है। लेकिन महात्मा गांधी ने कहा था भारत की धरती की प्रकृति का समाजवाद हो। समाजवाद की परिभाषा जो तुलसी दास ने की है :

"कीरति भनिति भूति भल सोई।
सुरसरि सम सब कर हित होई।।"

गंगा में कोई पापिष्ठी जाए, कोई मुसलमान जाए, कोई धर्मात्मा जाए, कोई

हरिजन जाए, सबको गंगा अपने हृदय से लगाती है और सब को शांति, शीतलता और जल के जीवन की महिमा का बोध कराती है। तो समाजवाद कौन सा, क्या विदेशी से उधार लिया हुआ समाजवाद या क्षेत्रीयता के दायरे में बंधा हुआ समाजवाद या वह समाजवाद जो इस देश की धरती की मिट्टी से उठता है और उस मिट्टी से उठता है जिस मिट्टी में हमने जन्म लिया है, उसी में हम पल बढ़ रहे हैं और उस मिट्टी में हमारा अवसान भी होना है। यदि उस समाजवाद की व्याख्या करनी है तो हमें निश्चित रूप से इस देश के किसान और मजदूर का भी वे किसान नहीं जो हजारों-हजार एकड़ या सैकड़ों एकड़ जमीन के मालिक हैं—और उस मजदूर का भी, जो उनका काम करता है और पहले बन्धी पाता था और आज उसको रोजाना मजदूरी मिलती है, उत्पादन में हक होना चाहिए। जो मजदूरी करेगा उसे उत्पादन में पूरा हिस्सा मिलेगा यह भावना निश्चित रूप से श्रेयस्कर है और यह ऐसा श्रेय है जिसमें श्रम का वास्तविक मूल्यांकन होता है। जब अधिक उत्पादन करते हैं और जब बोनस बंटता है तो मजदूरों की आंख की कोर में जो आंसू हैं मैं जानता हूँ ऐसे मजदूर और किसान है जिनके घरों में बच्चों को दूध के दर्शन नहीं होते हैं और बच्चे अपनी मां के स्तन का खून चूसने के लिए विवश होते हैं, अपनी मां का दूध उन्हें नहीं मिलता है, उन्हें शिक्षा नहीं मिलती है। हमने नई शिक्षा नीति बनाई है और ब्लैक बोर्ड आपरेशन की बात उसमें की गई है कि हर गांव में एक स्कूल होगा, दो अध्यापक होंगे, एक लेडी टीचर और एक पुरुष टीचर और ब्लैक बोर्ड होगा। तथा सारी प्रारम्भिक शिक्षा की व्यवस्था होगी। सब को हम शिक्षा देना चाहते हैं। लेकिन आज तक गांवों में आप देखिए तो अधिकांश झोंपड़े ऐसे हैं जो कि रहने योग्य भी नहीं है। दस-पांच घरों में तो ताला बन्द होता है। उनमें पक्की चार-दीवारी वाली या बड़ी-बड़ी दालानें हैं जिनमें सारा श्रम जो खेत से उत्पादन होता है वह अनाज एकत्रित करके रख दिया जाता है। लेकिन गरीबी रेखा से नीचे जिंदा रहने वाला किसान हो या मजदूर हो, उसके घर में आज तक दरवाजा ही नहीं लगा। वह हांडी में या कांसे के बर्तन में पकाते हुए, एक समय खाना खाकर के, रोटी नमक और प्याज खाते हुए जिंदगी बिता देता है और देश में विदेशों से उधार ली हुई नीतियों के आधार पर हम श्रम-आंदोलन करें या किसानों के उत्थान की बात करें, यह हास्यपद और इस देश की प्रकृति के प्रतिकूल सिद्ध होगा। ऐसी परिस्थितियों में जो मजदूर हैं, जो उत्पादन करते हैं, उन्हें आप अधिक से अधिक बोनस दें, लेकिन जो काम न करें, और ऐसे मजदूरों को राजनीतिक लोग टूल बनाएं अपने दलों के हितचिंतन के लिए, यह सब कड़ाई से बन्द होना चाहिए। जो उत्पादन करने वाले हैं, हमारे श्रम मंत्री जी बैठे हैं, अगर जरूरत हो तो राज्यसभा और लोक सभा में इस तरह का प्रस्ताव आना चाहिए कि कम से कम दो पंचवर्षीय योजनाओं तक हमारे जो श्रमिक हैं, उसे अनरेस्ट के लिए इस देश में कोई स्पेस नहीं होगी। कोई आंदोलन, चाहे मजदूर का हो, चाहे प्राइवेट सेक्टर का हो, चाहे पब्लिक सेक्टर का हो, इस देश में चलने नहीं दिया जायगा, तभी जाकर एकनिष्ठ होकर के इस देश में हम पूरे लक्ष्य के समीप पहुंच जाएंगे, उत्पादन के लक्ष्य को पूरा तो नहीं कर पाएंगे, लेकिन समीप पहुंच पाएंगे।

मान्यवर महोदय, दाम चोरी, काम चोरी, नाम चोरी यह तीन नई शैली की चोरियां हैं। जो लोग टैक्स बचाते हैं या जो लोग नाजायज ढंग से धन का अर्जन करते हैं चाहे वे उत्पादन में, आफीसर हों, चाहे वे प्राइवेट सेक्टर के मालिक लोग हों वे अपराध करते हैं और राष्ट्रमाता के साथ अपघात करते हैं। जो श्रमिक अन्य दृष्टि से श्रम को बेचता है, चाहे डाक्टर हो या अध्यापक हो या इंजीनियर हो, अगर वह काम चोरी करता है, अगर वह अपनी ड्यूटी

के प्रति वफादार नहीं है चाहे सरकारी कर्मचारी हो या जनसेवा में विश्वास करने वाला जन-प्रतिनिधि हो तो यह सब अपराधों की कोटि में आते हैं, चाहे हम हों या और कोई हों ।

माननीय उपाध्यक्ष महोदय, इसलिए मिश्र जी ने जो यह विधेयक प्रस्तुत किया है, वह अच्छा है और इसमें मजदूरों के हितचिंतन की बात की गई है । लेकिन मैं कतई इस राय से सहमत नहीं हूं कि अगर मजदूर उत्पादन नहीं करता है, एक दिन की, चाहे 8 दिन की छुट्टी लेता है अकेले या सामूहिक रूप से इस रूप में नहीं उस रूप में ले, तो उसे श्रम का अंश मिले, यह नहीं होना चाहिए बल्कि होना वह चाहिए कि जो मजदूर ईमानदारी से काम करता है, जो उत्पादन में अपना खून-पसीना एक करता है और अपने जीवन का सर्वस्व न्यौच्छावर करता है, अपने यूनिट को ही, अपने उत्पादन केन्द्र को ही भारतमाता मानकर काम करता है, एक निष्ठ भाव से उसके प्रति समर्पित है, ऐसे व्यक्तियों को अधिक से अधिक सुख-सुविधाएं एग्जीक्यूटिव-हेड्स की तरफ से मुहैय्या होनी चाहिएं । जो लोग फेडरेशन बनाकर के, यूनियन-बाजी करके काम करने में बाधक बनते हैं, बहुत से ऐसे इंजीनियर हैं, मैं भी जानता हूं, जो केवल हाजरी लगाने जाते हैं, ओवर-टाइम का भी वह पैसा पाते हैं और उन्हें प्रश्रय कौन देता है, हमारे जो बड़े-बड़े राजनीतिक लोग हैं वह उनको ठीक रखते हैं लखनऊ में, पटना में या बैंगलोर आदि राजधानियों में और उनका अस्तित्व बराबर बना रहता है, जिस आधार पर वे एग्जीक्यूटिव हेड्स को भी धमकाते हैं कि अगर मुझे बिना काम किए हुए भत्ता, ओवर-टाइम और मंथली सेलरी नहीं दोगे तो तुमको देख लूंगा । ऐसे लोगों को निकाल बाहर करना चाहिए काम से, जो किसी राजनीतिक का सहारा लेकर, किसी पोलिटिकल प्रेशर का सहारा लेकर, किसी का टाउट बनकर दफ्तर में काम करने वाले एग्जीक्यूटिव हेड्स को, सर्वोच्च अधिकारियों को धमका कर काम नहीं करते हैं । इसका बुरा असर जो और मजदूर होते हैं, उन पर होता है उनमें, असंतोष व्याप्त होता है कि हम मेहनत करते हैं, अपना खून-पसीना बहाकर अपने बच्चों का पेट-पालन करते है और दूसरी ओर यह है कि एक दिन दफ्तर में नहीं आएंगे, तनख्वाह लेने वाले दिन पहुंच जाएंगे । तो मैं क्यों काम करूं ? सारे मजदूर आलस्य और निकम्मे असंतोष की ओर बढ़ते हैं कुछ ऐसे लोग हैं, हर जगह हैं, ऐसे लोगों को नौकरी से निकाल बाहर करना चाहिए और शासन को उनके साथ कड़ाई के साथ निपटना चाहिए । तब जाकर एकरूपता व्याप्त होगी । कर्म हमारा धर्म है और जैसा हमारी स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने कहा था कि, पक्का इरादा ।. . .

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : दूर दृष्टि और कड़ा अनुशासन ।

डा० रत्नाकर पाण्डेय : देखिए मालवीय जी ने पूरा कह दिया ।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : कैसे न कहें 19 महीने जेल में रहना पड़ा । वह मैं भूल नहीं सकता ।

डा० रत्नाकर पाण्डेय : मालवीय जी, उन के सिद्धान्तों पर चलते भी हैं । अनुशासन तो नियंत्रित होना ही चाहिए । माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं कह रहा था कि चाहे कल कारखानों का मजदूर हो या प्राइवेट सेक्टर का मजदूर हो चाहे पब्लिक सेक्टर का मजदूर हो-मजदूर की कोई जाति नहीं होती है । मजदूर अध्यापक भी हो सकता है, वकील भी हो सकता है, इंजीनियर भी हो सकता है, ठेला चलाने वाला भी हो सकता है । मजदूरों का कोई धर्म नहीं होता है । मजदूरों का एक धर्म होता है—अधिक-से-अधिक उत्पादन और जिस यूनिट में काम करता है, उसके प्रति निष्ठा । इसलिए जैसाकि चतुरानन मिश्र जी ने प्रस्ताव रखा है, मजदूरों का हित चिंतन होना चाहिए । मैं तो यहां तक कहता हूं कि अगर मजदूर इस देश में उत्पादन बढ़ाने को तैयार हो तो उसका शेयर

[श्री रतन करपाण्डेय]

भी होना चाहिए। जो उत्पादन करे उसका स्वामित्व भी होना चाहिए। लेकिन जो बीच के लोग अपनी स्वार्थ-सिद्धि के लिए उनका मिसयूज करते हैं और रंग-बिरंगे झंडे फहराकर इंकलाब जिंदाबाद करवाते हैं, तालाबंदी करवाते हैं और लाखों करोड़ों रुपए रोज के उत्पादन को ठप्प कराते हैं, ऐसे लोग क्रिमिनल्स हैं। ऐसे जो क्रिमिनल्स हैं—चाहे वे राजनीति में हों, चाहे समाज सेवा के क्षेत्र में हों, चाहे उद्योग के क्षेत्र में हों उन सब को बेनकाब होना चाहिए।

उपाध्यक्ष महोदय, कबीर ने कहा है कि :

"निरबल को न सताइये,
जाकी मोटी हाय।
मुये चाम की खाल सों,
सार भसम होइ जाय॥"

गरीब को सताना हमारा धर्म नहीं है। यह अपना राष्ट्रधर्म है। एक वोट राष्ट्रपति भी देता है और एक वोट मजदूर भी देता है। उसके बाद हम चुनकर सदन में आते हैं और सरकार बनाते हैं। ऐसी स्थिति में हर व्यक्ति अपनी योग्यता और कौशल के अनुरूप अपने विवेक के अनुरूप अपना स्थान ग्रहण कर सके, सामाजिक प्रतिस्पर्धा के साथ यह आवश्यक है। लेकिन शार्टकट से आकर के कोई मजदूर पर हावी हो जाय, यह अनुचित है। यह देश किसान और मजदूरों का है और उन्होंने इस देश को स्वतंत्र किया था और स्वतंत्रता के 40 वर्षों के बाद आज जो उत्पादन के नए औद्योगिक तीर्थस्थल स्थापित हुए हैं, उपाध्यक्ष महोदय, उसके पीछे आज इस देश के मजदूर का श्रम है। जो पसीना बनकर भारत माता के मस्तक पर छलक रहा है। दिनकर जी जो इस सदन के सदस्य थे, उन्होंने कहा था कि :

"श्रम्हा का अभिलेख पढ़ा करते
निरउद्यमी प्राणी।
धोते वीर कुअंक भाल का बहा श्रुवों
से पानी॥"

मजदूर जब श्रम करते हैं और किसान के मस्तक से जब श्रम बिन्दु छलकते हैं, उसकी भौहों से पसीना चूता है तो भाग्य की रेखाएं बदल जाती हैं, भाग्य की लिपियां बदल जाती हैं। और श्रमेव जयते का सिद्धांत स्वयं चमत्कृत हो उठता है। तो हम प्रगति की ओर बढ़ रहे हैं जब प्रगति की मंजिल की ओर हमारा उत्पादन बढ़ रहा है तो मजदूरों को अधिक से अधिक सुख सुविधा मिले इस का प्रयत्न किया जाना चाहिए। उपबंध, नियम, उपनियम तो बनते हैं और बनते रहेंगे। समयानुसार उनमें संशोधनों की आवश्यकता होती रहेगी और वे होते रहेंगे, लेकिन श्रम का सम्मान होना चाहिए और श्रम करने वाले और श्रम का जो अधिष्ठता है उस के बीच में डाइरेक्ट डायलाग होना चाहिए। जो बिचौलिये हैं वह बन्द होना चाहिए, उसको समाप्त होना चाहिए तभी जाकर इस देश में जो हमारा लक्ष्य है उस को हम प्राप्त कर सकेंगे। हम चौदह वर्ष में विश्व के मानचित्र पर सब देशों के आगे बढ़ कर प्रवेश करना चाहते हैं तो जब श्रमिक और उत्पादन का जो एक्जीक्यूटिव हेड है उसके बीच बिचौलिये खत्म होंगे वह चाहे लेबर लीडर हों या कोई और, तभी हमारा वह लक्ष्य पूरा होगा और मुझे विश्वास है कि मजदूर उस लक्ष्य को समझ चुका है और उसको हृदयंगम कर चुका है और उसको प्राप्त करने के लिये वह अपने प्राणों की बाजी लगा कर इस देश को दुनिया का महान राष्ट्र बनाने के कुसंकल्प को पूरा करने में पूरी निष्ठा के साथ जुट हुआ है। मुझे विश्वास है कि उसका श्रम रंग लायगा और यह देश दुनिया के मानचित्र पर औद्योगिक उत्पादन की दृष्टि से सर्वश्रेष्ठ सिद्ध होगा क्योंकि श्रमेव जयते का नारा हमारा सामान्य नारा नहीं है। इससे देश में कर्मवाद की स्थापना होगी।

करम कमंडल कर गहें,
तुलसीं जहं जहं जायं ।
सागर सरिता कूप जल,
बुंद न अधिक समाय ।

जितना हमारा दायरा होगा उससे अधिक हम ग्रहण नहीं कर सकते । जल चाहे जितना भी उपलब्ध हो लेकिन जितना बड़ा हमारा लोटा होगा उससे ज्यादा हम नहीं ले सकेंगे । इसलिये मानस सागर को देश के राष्ट्र के जन-जन के मन की अभिव्यंजना और आवश्यकताओं को उत्पादन के मूल में रखते हुए हमें श्रमेव जयते के सिद्धान्त में विश्वास करते हुए श्रम की प्रतिष्ठा करनी होगी और श्रम के बिचौलियों को सदैव के लिये समाप्त करना होगा तभी जाकर इस देश में चतुरानन मिश्र जी ने जो संशोधन रखा है और जो इस तरह की चीजें आयेंगी उनकी कुछ सार्थकता होगी । मेरा विश्वास है कि इस संदर्भ में हमारी सरकार गंभीरतापूर्वक सोचेगी और मजदूरों को—कामचोरों को नहीं, जो अपना पसीना गिराते हैं, जो अपने बच्चे को 104 डिग्री बुखार में छोड़ कर कारखाने में काम करने आते हैं और उन की संख्या 90 परसेंट से अधिक है, उनके लिये अधिक से अधिक सुविधा देने का प्रावधान होना चाहिए और वह तभी होगा जब एक ओर जो महान अट्टालिकायें खड़ी हो रही हैं कारखानों की और दूसरी ओर दरिद्रता का साम्राज्य है, झोपड़-पट्टी की लाइन मीलों तक लगी हुई है, इस डिस्पैरिटी को हम मिटायेंगे । जब तक इक्वेल स्टेटस व्यक्ति को नहीं मिलेगा तब तक हमारा समानता का नारा केवल नारा ही बन कर रह जायगा । अगर किसान और मजदूर को प्रतिष्ठा मिलेगी उत्पादन में तभी बराबरी होगी और जो दरिद्रता का अंबार लगा हुआ है झोंपड़ीपट्टी के रूप में, कच्चे मकानों के रूप में वह नष्ट होगा और सब लोग समान भाव से सुख से रहेंगे ।

औरों को हंसते देखो मनु,
हंसो और सुखी पाओ,

अपने पन को विस्मृत कर दो,
जग को सुखी बनाओ ।

इस भावना से काम होना चाहिए । यह हमारा मजदूर कर रहा है और हमारी सरकार उसको अधिक से अधिक सुख और सुविधा और आनन्द के साधन मुहैया करायेगी ऐसा मेरा दृढ़ विश्वास है ।

इन शब्दों के साथ मैं चतुरानन मिश्र जी के संशोधन के संबंध में अपने विचार व्यक्त करता हूं और अपने उपाध्यक्ष महोदय जी को जिन्होंने मुझे प्रेम से और धैर्यपूर्वक बोलने का इतना अच्छा अवसर दिया उसके लिये अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं ।

PROF. O. LAKSHMANNA (Andhra Pradesh); Mr. Vice-Chairman, Sir, there should be no difficulty on the part of the Minister in accepting the particular Amendment Bill which is proposed by a very senior trade-union leader like Shri Chaturanan Mishra. It is very clear that the existence of a povision like this in tho Wages Act, etc. is a reminder of our past when the then masters were trying to squeeze, and create fear and apprehension among the workers. In order to deter them from the possibility of clamouring for their legitimate rights, Acts like this, provisions like this were created. If we correctly look at the first part and the second part of Sub-clause (2), we see that the second is an affront even on the particular philosophy which is embodied in the first part. The first part tries to enunciate a philosophy that one cannot be penalised for a longer period for more than what the absence or absence from duty of a particular person is. In a sense, that is the thinking of that particular part (a).

[Prof. C. Lakshmanna]

But then, while providing a proviso like this, that ve/y particular philosophy Which was even enunciated by the jurisprudical principle has been done away with. And for years and years, 1 think, for about 51! years this particular clause has been used. And I am sure, Shri Mishra, who had been an active trade unionist, a very senior trade unionist must have had .many occasions when this particular obnoxious provision might have been utilised.

SHRI P. A. SANGMA: He says that there has been no case.

SHRI CHATURANAN MISHRA: There are cases. Your Coal India is there.

श्री पी० ए० संगमा : उस दिन आपने कहा था ।

श्री चतुरानन मिश्र : हमने कहा कि अंग्रेजों के जमाने में हुआ, आपके शासन में नहीं हुआ ।

PROF. C. LAKSHMANNA: This is exactly the problem. We have a very enlightened Labour Minister, no doubt, who is concerned for the labour, but sometimes that enlightenment is misplaced be- cause he is not so conversant with the practies that have been going on, specially after independence. Not only this, but other draconian or obnoxious clauses had also been more″ frequently used since independence all over Ihe country. When they put it, perhaps, they had their own apprehensions in implementing such pro- visions. But we do not have such apprehen- sions because we are the people's represen- tatives. Our Government are considered to be representing the people's Will. So, in the *name* of being people's representatives we do take recourse to such things. Therefore, the best way Is not to have such provisions. It Is no principle that you work for a period for Which you will not get'. And it may be only because there is a clause like this.

Sir, we had a very interesting experience Very recently. When the teachers in the entire country went on a strike only the teachers of the Osmania University could not go on a strike because they had failed to give a notice and they were aware of the provisions of this nature. Therefore, they did not join the main- stream for which they were unhappy. But none-the-less, they did not join. I am saying this because the existence of provisions like this will become problems of the nature which I just now mentioned, Therefore, it will be in the interest of good industrial relations, humanistic approach towards industrial relations that provisions of this nature are done away with. I would have been happier if the Labour Minister had brought forward this and he had not given an opportunity for some- body else to bring a Private Member's Bill of this nature. Even now, in view of the explanations that have been given by my predecessors and also what I attempted in a little way, if the Minister accepts to bring forward such" amendment for the various Acts'in future and also other such provisions, if there are any, then, perhaps, Mr. Mishra will have no objection to even wthdraw his Bill.

Sir, the second point Which I would like to make is about the tongue-twisting English idioms that have been used in the old Acts. The time has come when wo have to simplify the Acts and the timet has corns when we are formulating and fr'ming new Acts that they are 'n simpler langtmi?-" and an attemot has to be made to make things as simple as possible. Even with this end in view T would like to request the Labour "Minister to kindly look at these Acts and make them ititelli-gibH Thea are, not to be intelligible only to the advocate who can twist and not twi«f. They should also be intelligible to th" man who is oritmrilv concerned] with them, that is, the workers. There was a' time when a thing which was not under-stnrHnWle -w^s considered to he knowledge 1 think a stage has conic when (here knowledge explosion, when tnere

is so much information coming forth that tic is no need to take recourse to such things. Therefore, the first point which *X* would like to impress upon the hon. Labour Minister is to look upon some of these things, take a fresh look at them, and appreciate the need for putting them into simpler language so that worker's, the common man, who happens to be a worker can understand and he does not have to depend upon the expertise that is only available through advocates and so forth.

[The Vice-Chairman (Shri H. Hanumanthappa in the chair]

With these words, I would once again request the Labour Minister to graciously accept to come forward with a future legislation, not in the coming future, but as soon as posible, so that the House can have the opportunity of congratulating him for bringing forth such a legislation. Thank you.

ठाकुर जगतपाल सिंह : (मध्य प्रदेश) : आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, माननीय मिश्र जी जो प्रस्ताव लाये हैं उसके सम्बन्ध में सबसे पहले तो मैं यह कहना चाहता हूं कि हमने जब आजादी की लड़ाई लड़ी उस समय बाद जो हमने वायदे किये थे वे सब पूरे किये । हमने कहा था कि आजादी के बाद हम हिन्दुस्तान में समाजवाद लायेंगे । समाजवाद कब आता है जब समाज में शोषणवाद की व्यवस्था खत्म हो । जो शोषण करने वाले लोग थे उन्होंने एक बहुत अच्छा नारा दिया था कि मजदूर का मतलब होता है जो मौज से दूर रहे, जिसे कभी सुख न मिल पाये । मैं केवल इतनी बात कहूंगा कि शोषण दोनों तरफ से होता है । मजदूर का भी शोषण होता है और एम्पलायर का भी शोषण होता है । अगर हम एक आदमी को पांच रुपये देते हैं और वह चार रुपये का काम करता है तो क्या यह एम्पलायर का शोषण नहीं है । ट्रेड यूनियनों का फंक्शन क्या है ? ट्रेड यूनियन एम्पलायर और एम्पलाई दोनों के बीच में समन्वय स्थापित करे । अगर मजदूर शोषण करता है तो उसे भी रोके और अगर एम्पलायर शोषण करता है तो उसे भी रोके । आज बदकिस्मती से हमारे मुल्क में ज्यादातर ट्रेड यूनियनें एक हथियार बन गयी हैं एम्पलायर को मारने के लिए— चाहे वह प्राइवेट सेक्टर हो और चाहे पब्लिक सेक्टर हो । अगर मजदूर प्रोडेक्टिविटी नहीं बढ़ाता है, अगर प्रोडेक्शन कम करता है और वैजेज ज्यादा लेता है तो यूनियन का काम होना चाहिए कि उसको कहे कि तुम काम बढ़ाओ । लेकिन आज यह नहीं हो रहा है ।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि मजदूरी बढ़ती है तो मजदूर का सामाजिक स्तर नहीं उठता है । उसके कमाने की इच्छा कम हो जाती है । मैं छत्तीसगढ़ इलाके में गया तो मैंने देखा कि मजदूर को कितना मिनिमम वेज मिलता है उससे चार पांच दिन की तनख्वाह में ही उसका गुजारा हो जाता है । दो तीन दिन काम ही नहीं करता । मैंने पूछा कारण क्या है तो बताया कि उनका सामाजिक स्तर नहीं उठा है । वे उसी झोपड़ी में रहते हैं, चावल पकाते हैं और जितने खर्चा है उससे ज्यादा रुपये उसको मिल जाते हैं इसलिए वे लोग काम कम करते हैं । मेरा एक सुझाव है कि हम सब पार्टियों को मिलकर देश में अगर समाजवाद लाना है तो समाजवाद कैसे आयेगा ? अगर मुल्क में प्रोडेक्शन नहीं बढ़ेगा, अगर प्रोडेक्टिविटी गिर जायेगी, प्रोडेक्शन गिर जायेगा तो पर-कैपिटा इन्कम भी गिर जायेगी । पर-कैपिटा इन्कम गिर जायेगी तो गरीबी बढ़ जायेगी । पापुलेशन ज्योमेट्रीकल बढ़ती है, उद्योग अर्थमैटिकल बढ़ते हैं, इसलिए हम गरीबी को मिटा नहीं सकेंगे । मैं चाहता हूं देश में सभी पार्टियां मिल-बैठ कर इस बात को तय करें कि देश में आने वाले अगले पांच वर्षों में चाहे मजदूर हो, चाहे सरकारी कर्मचारी हो किसी किस्म की कोई भी हड़ताल इस मुल्क में नहीं करेंगे । अगर मजदूरों या कर्मचारियों को कोई तकलीफ है, उनकी अपनी परेशानियां हैं तो उसके लिये और भी तरीके हो

[ठाकुर जगपाल सिंह]

सकते हैं। लेकिन हम लोग इस बात पर तयार हो जायं, जो समाजवाद की बात करते हैं कि अगर हमारी जेब में 10 रुपय हैं तो उसमें हम एक रुपया और जोडकर उसको बढ़ायें। पहले हमें देश का प्रोडक्शन बढ़ाना है। मैं आपसे यह कहना चाहता हूं कि हमारी करनी और कथनी में अन्तर नहीं होना चाहिए। एक तरफ हम कहते हैं कि देश में गरीबी हटानी है और समाजवाद लाना है और दूसरी तरफ हम स्ट्राइक करते हैं। इसका नतीजा क्या होगा? देश में गरीबी बढ़गी। अगर गरीबी बढ़ेगी तो देश का क्या होगा यह आप स्वयं सोचें क्योंकि आप खुद विद्वान हैं। मैं चाहता हूं कि आप इस पर सोचें। आप यह जो प्रस्ताव लाये हैं अगर मान लिया जाये कि एक आदमी काम नहीं करता है और अगर उसको डाइरेक्टली या इन-डाइरेक्टली पनिशमेंट नहीं देते हैं तो प्रोडक्शन गिर जायेगा माननीय मीश्र जी, यदि आप इस तरह का प्रस्ताव लाय होते जिनमें इन सब बातों का समावेश होता तो अच्छा होता। मिनिमम वैजेज भी बढ़ता रहे, लोग भी काम ज्यादा करें और सोशल आर्डर भी बढ़ता रहे और साथ ही उनकी कमाने की इच्छा भी बढ़ती रहे इस तरह का कोई प्रस्ताव लाना चाहिए था जिससे कि देश का प्रोडक्शन बढ़ सके। मैं अभी आपसे कह रहा था कि छत्तीसगढ़ में मैंने देखाकि वहां के मजदूरों की काम करने की जो क्षमता थी वह घट गई। पहले वह हफ्ते में सात दिन काम करते थे अब केवल चार पांच दिन काम कर रहे हैं, क्योंकि जितना उनको मिलता है उससे उनका खर्चा पूरा हो जाता है। मैं चाहता हूं कि सोशल आर्डर पर भी ध्यान दें। जिन फैक्टरियों में मजदूर काम करते हैं आप उन फैक्टरियों के मालिकों से यह कहें कि उन्हें मजदूरों को क्वार्टर देने होंगे, उनके बच्चों के लिये एजुकेशन की व्यवस्था करनी होगी। जब हम उनको इस तरह की फैसिलिटीज देंगे, उनके रहन सहन के स्तर को उठ देंगे तभी उनकी नीड बढ़ेगी और उनकी कमाने की इच्छा भी बढ़ेगी। मैं अंत में आपसे कहना चाहता हूं और खासतौर अपने उन माननीय सदस्यों से जो इस देश में समाजवाद की बात करते हैं। हमने समाजवाद की बात कही है और हम समाजवाद की दिशा में बढ़ भी रहे हैं और हम आपको विश्वास दिलाना चाहते हैं कि इस देश में समाजवाद की दिशा में जाने से हमें कोई रोक नहीं सकता। हमने इसका वायदा किया है और इसको हम पूरा करेंगे। हमने आजादी के वक्त कहा था कि जब हिन्दुस्तान आजाद होगा तो हिन्दुस्तान में प्रजातंत्र आयेगा और वह आया। हमने वायदा किया था कि इस देश में शोषण के जो माध्यम हैं उनको हम समाप्त करेंगे और वह हमने किये। हमने देश से रियासतों, प्रीवीपर्सों एवं जमींदारी प्रथा को समाप्त किया। माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से मैं बताना चाहता हूं मजदूरों के कि दुनिया के किसी भी मुल्क में शोषण को रोकने के लिये जितने कानून हिन्दुस्तान में बने हैं, दुनिया में इतने कानून कहीं नहीं बने हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपका बहुत आभारी हूं जो आपने मुझे थोड़ा समय इस बिल पर बोलने के लिये दिया। मैंने इस बिल पर बोलते हुए दो इशारे किये हैं आदरणीय मिश्रा जी को। क्योंकि समय हो गया है इसलिये मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। आपका बहुत बहुत धन्यवाद।

SHRI P. A. SANGMA: Mr. Vice-Chairman, I am giateful to Mishraji and all hon. Members for this useful discussion. I do not have much to say on this Bill. The Payment of Wages Act was enacted in 1936 and this was meant to protect the welfare of the workers. This is meant for protection against non-payment of wages to the workers, against delayed payment of

wages or sometimes unauthorised deductions from the wages. That was the main intention when this Act came into being. Now section 9 of this Act deals with conditions tinder which deductions can be made by the employer for (1) ordinary absence, and (2) concerted absence. As far as ordinary absence is concerned, I think there is no quarrel at all. In regard to sub-sections (1) and (2) of section 9, there is no quarrel at all. What Mr. Mishra seeks to achieve through this Bill is to delete the proviso to sub-section (2) of section 9. I think, there has been an impression that for one day's absence, eight day's wages will be deducted. The position is that in order to enable an employer to deduct wages for eight days for one day's absence, there must be three conditions fulfilled. Somebody - I thnik, Shri Tridib Chaudhuri - has pointed this out. The three conditions are :(1) There must be ten or more persons acting in concert to absent themselves; (2) They absent themselves from work without due notice and (3) They must absent themselves from work without) any reasonable cause. Unless these three conditions are fulfilled, wages for eight days" cannot be deducted from the worker. Otherwise, it has to be governed by sub-sections (1) and (2) of section 9.

Now, the question is, whether this is an arbitrary provision or whether it is against the interests of the workers. Somebody raised the question about the Constitutional validity of this provision. This provision has been challenged. There have been cases. It has gone to the High Court; even up to the Supreme Court. For the information of the House. I would like to point out that the Constitutional validity of this provision has heen upheld by the judiciary. They have not said anywhere that, Constitutionally, it is invalid. But there are cases where eight days' wages were deducted. In one case, the Supreme Court brought it to one day. They said 'eight days' wages is too much; you deduct one day's wages. But the Supreme Court have not said that it is Constitutionally invalid. This is the point I wanted to clarify.

Now, as somebody pointed out, this Act has been in existence for 51 years. But the question is, on how many occasions, this particular provision has been used or misused? This is the point. Mr. Mishra who is a trade union leader himself must have had some experience and that is why he has come to the House with this Bill seeking to delete this provision. But he himself admitted, while moving the Bill, that this provision has not been used and yet he wants that this should not be there. Actually, I was expecting that in this debate hon. Members would come forward and give me specific instances where this provision has been used or misused. The only example which came out was that of Coal lndia. I will answer that. The Cool India strike took place on the 21st January, 1987. They went on a one day strike *(Intenruptions)* The Company management served notice on the workers asking why eight days' wages should not be deducted. Questions were raised in Parliament on this. In the Consultative Committee of the Ministry of Labour, this issue was discussed. Member of Parliament pleaded with me that I should talk to the Energy Minister and sort out this point. I talked to Mr. Sathe. Some members also talked to Mr. Sathe. In the meantime, the Eastern Coalfield workers went to the Calcutta High Court. My information is, till now, eight ^ays" wages have not been deducted from the wages of the workers of Coal India for the January 21st strike. Therefore even this example is not correct.

Unless we have any specific cases where it has been used or misused against the workers, unless we have some experience gained where this provision has gone against the interests of the workers, I do not see any reason why we should, at this stage, go in for a review of this provision. But I can assure the House that if there are any case of victimisation or misuse of this provison, if this provision has gone against the interests of the workers, if there has been arbitrary exercise of this provision, I am prepared to look into it and T am prepared to review it. But as of now, I must submit to the hon. House that I do not see any reason why w» should review it. I do not see any reason why we should review it.

[Chri P. A. Sangma]

There is one point raised by Shri Chitta Basu which I want to answer though it is not, connected with the subject. The point related to the interim relief which was agreed to. Shri Chitta Basu said that West Bengal had been discriminated. I must submit before this House and for the information of Shri Chitta Basu that Bengal has not been discriminated because it is not on the basis of States. NTC means all over India, and all over India we have not paid. At 4.30 I had to meet the deltgation of IDPL Rishikesh who have not received the interim relief. I will go from here to meet them. BALCO has not received it. So, it is not a discrimination against one State. That impression he should never get. On the 31st I have met the trade union leaders in Calcutta. I have discussed with them this issue thoroughly and I have promised that I will take up the maUer with the Industry Ministry. Unfortunately from Calcutta I had to go to Nagaland and from there I came back yesterday only. In the meantime, our officers have been in touch with them. So, I would appeal on this floor that this sort of matters should be sorted out across the table. We have alway been for that and there is no necessity for going on strike. I would appeal to them to call off the strike on the 21st and I am prepared to talk to them any time they want to talk to me.

With these words, I request the hon. Member to withdraw the Bill.

श्री चतरानन मिश्र : उपसभाध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय ने कहा कि इस कानून का कहीं इस्तेमाल नहीं हुआ है। सिर्फ 1987 का उन्होंने दिया। मैं उनको याद दिलाना चाहता हूं कि 1984 में भी इसका इस्तेमाल हुआ है। हम लोगों ने हाईकोर्ट में स्टे करवा दिया था। आपके बगल में शिव शंकर जी बैठे हुए हैं उनको याद होगा, जब एनर्जी मिनिस्टर थे, कि कोल इंडिया में तनख्वाह काटी गयी थी। सो यह बात नहीं है। सिम्पल बात है कि जितना कसूर करेंगे हमें उतनी सजा मिलगी या 8 गुना ज्यादा सजा मिलेगी। प्रोपोरशनेट वेज काटी जायेगी या आठ गुना काटी जायेगी। यही सिम्पुल बात है। मंत्री महोदय कहते हैं कि नहीं हम एक तलवार आपकी गर्दन पर रखे हुए हैं इसकी धार तो बहुत तेज है परन्तु उससे क्या है जब गिरेगी तभी कुछ होगा। हम कहेंगे कि यह लल्लोनिक है। किसी भी सभ्य देश में ऐसा कानून नहीं है और आपने इंडस्ट्रियल डिस्प्यूट एक्ट बनाकर. . . .

SHRI P. A. SANGMA: Let me clarify. I did not say that this provision has never been used. I said that this has been used very rarely, it is not that it has been widely used.

SHRI CHATURANAN MISHRA: Whether it has been widely used or not, the question is that if, injustice is done ever to a single citizen, it is the duty of Parliament to look into that. That is why I say, it is highly objectionable, it is never applied anywhere in this world. No civilized country has made such a law.

I, therefore, request you to accept this amendment and I stick to it.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRl H. HANUMANTHAPPA): Are you withdrawing, Mr. Mishra?

श्री चतुरानन मिश्र : अगर वे रिव्यू करने के लिए सोचें तभी हम बात करेंगे।

SHRI GHULAM RASOOL MATTO: He has made a suggestion that if the hon. Minister tells him that in future when the whole Industrial Disputes Act will be reviewed, this will be taken into consideration, he is prepared to withdraw.

Is the hon. Minister prepared to da that?

SHRI P. A. SANGMA: I forgot to mention one more point. One hon. Mem- . ber made a point about lock-out *vis-a-vis* strikes. Now the Government policy on lockouts and strikes is under review and I have promised that a new legislation will be owning in. Industrial Relations Act will be brought in to replace the Industrial Disputes Act. About this particular provision I have said that we will review the situation. That is why I have said that in case there has been any discrimination, arbitrary action against the

workers as a result of this provision, I am prepared to review it. So, let the hon. Member give me specific instances or history of it. However all he labour laws are always under constant review and I have no difficulty in reviewing this.

SHRI CHATURANAN MISHRA; Mr. Vice-Chairman, I could not understand what he will review. Is he going to review the Act?

5.00 p.m.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA); Time is over. Are you withdrawing it? Otherwise I will put it to vote.

SHRI CHATURANAN MISHRA: Sir, if he says he is going to review this proviso, then of course I can think of it and do something. But if he says that I should bring certain specific cases and then he will reconsider it, that is not the point I want to know whether he is going to reconsider this proviso or not. If he is, then he should say so clearly.

SHRI P. A. SANGMA: I have said, we constantly review all ihe labour laws and I will certainly review this.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): Now he has agreed that he will review this also.

SHRI CHATURANAN MISHRA: Sir, it is just like saying God is there, nature is there and every thing is rotating. That is not the point. On his specific issue, if he is going to review it, he should say so. He should not put it vaguely; he should say so clearly.

SHRI P. A. SANGMA: I will review it.

SHRl CHATURANAN MISHRA: Then I also withdraw it.

The Biil was, by leave, wkharawn.

KE. SRI LANKA:

SHRI CHITTA BASU (West Bengal): There is still one minute left. We can take up the next Bill.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): No, 1 go by my watch. Now statement by the External .Affairs Minister.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI K. NATWAR SINGH): Sir when the Prime Minister spoke to the House on developments in Sri Lanka on the 9th of this month, he had said that, even at this late stage, we hoped that better sense will prevail and the LTTE would hand over their arms and support the Indo-Sri Lankan Agreement.

There was no immediate response from the LTTE which continued to attack the IPKF and civilian targets, forcing the civilian population to give them shelter and using them as shields for their operations against our soldiers. Their piopa-ganda campaign continued, and they sent messages to the UN Secretary General and other individuals, alleging that the IPKF was committing atrocities against the civilian population.

